
साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI.NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
वर्ष 7, अंक-25 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 29 जुलाई 2022 ypnews24@gmail.com पृष्ठ -8 मूल्य 2 रुपये

**सुविचार**

*व्यक्ति को कभी भी मौके का इंतजार नहीं करना चाहिए। क्योंकि जो आज है वो ही सबसे बड़ा मौका हैं।*




## बैतूल जिले पाथाखेड़ा में हुई घटना को लेकर जय भीम सेना सौंपेगी ज्ञापन

**छिंदवाड़ा।** बैतूल जिले के सारणी थानांतर्गत पाथाखेड़ा स्थित भारतीय संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों के द्वारा छेड़छाड़ कर सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने का प्रयास किया गया है । उक्ताशय की जानकारी जय भीम सेना के संगठन प्रमुख शिवम पहाड़े ने बताया कि एक ओर तो प्रदेश सरकार के द्वारा दलितों के संरक्षण की बात की जाती है, वहीं दूसरी ओर बाबा साहब के अनुयायियों एवं गरीब, दलित वर्ग के प्रति भेदभाव की भावना से कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण प्रदेश में आये दिन इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है । इससे दलितों में प्रदेश सरकार के प्रति आक्रोष बढ़ता जा रहा है । श्री पहाड़े ने बताया कि उक्त घटना को लेकर आज दिनांक 28.07.2022 दिन गुरूवार को दोपहर 12 बजे मा. राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा जायेगा । उन्होनें समस्त सामाजिक संगठन एवं बाबा साहब के अनुयायियों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।




**51 में से 29 जिलों में BJP का अध्यक्ष तय!**


# कमलनाथ के छिंदवाड़ा में कांग्रेस, शिवराज के सीहोर में भाजपा का अध्यक्ष होगा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 51 जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव हो रहे हैं। सीधी जिला पंचायत चुनाव का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। यहां फिलहाल अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं होगा। प्रदेश के 51 जिलों में कलेक्टर, सदस्यों का सम्मेलन आयोजित कर रहे हैं। इस दौरान सदस्य अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए वोटिंग करेंगे। जिला पंचायत के चुनाव के नतीजों के आधार पर देखें तो 52 में से 29 जिलों में बीजेपी का अध्यक्ष बनना लगभग तय है, लेकिन पार्टी के पिछले प्रदर्शन से तुलना करें तो बीजेपी को 12 जिले और जीतना होंगे। जबकि कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। सदस्यों की संख्या के आधार पर देखें तो कांग्रेस 11 जिला पंचायत में अपना अध्यक्ष बनाने में सफल हो सकती है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में बीजेपी को झटका लग सकता है। यहां कांग्रेस का अध्यक्ष बनना तय है। पिछले चुनाव में यहां बीजेपी का कब्जा रहा। इसी तरह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर बीजेपी का कब्जा बरकरार रहेगा। भोपाल जिला पंचायत में अब तक कांग्रेस का कब्जा रहा। यहां आगे भी कांग्रेस का ही कब्जा रहेगा। अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदारों रश्मि भार्गव, बिजिया राजौरिया और रामकुंवर गुर्जर के नाम हैं। इसी तरह इंदौर में बीजेपी का कब्जा बरकरार रहेगा। यहां से अध्यक्ष पद के लिए रीना मालवीय और सामुबाई परमार का नाम आगे है।



### बीजेपी के कब्जे वाले 8 जिले छीन सकती है कांग्रेस

बीजेपी के कब्जे वाले जबलपुर सहित आठ जिलों में अध्यक्ष की कुर्सी कांग्रेस छीन सकती है। जबकि उज्जैन सहित 5 जिले बीजेपी, कांग्रेस से छीनकर अपना अध्यक्ष बनाएगी। बीजेपी का 24 जिलों में कब्जा बरकरार रह सकता है। जबकि 11 जिलों में बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला है। हालांकि इनमें से कुछ जिलों में क्षछक मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही है।




## राहुल उईके बने घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस का कब्जा

### 5 मतों से विजय की, भाजपा उम्मीदवार फगन मर्सकोले को हराया

**घोड़ाडोंगरी।** कांग्रेस के युवा नेता राहुल उईके जनपद अध्यक्ष बन गए। बुधवार को जनपद पंचायत अध्यक्ष के निर्वाचन में कांग्रेस समर्थित राहुल उईके और भाजपा समर्थित फगन मर्सकोले के बीच चुनाव हुआ। जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। जिसमें राहुल को 15 वोट मिले, वहीं फागन मर्सकोले को 10 वोट मिले। राहुल ने 5 वोट से जीत दर्ज की। घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत में 25 सदस्य हैं। सातदेहि क्षेत्र से पूर्व मंत्री के भतीजे चुनाव लड़े थे, जो पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रहे है। उन्होंने अध्यक्ष की दावेदारी पेश की थी। कांग्रेस ने दावा किया था कि उनके साथ 16 सदस्य हैं। राहुल के अध्यक्ष बनने की जानकारी मिलते ही कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा, विधायक ब्रह्मा भलावी, हेमंत वागद्रे, शांतिलाल तातेड, राजेंद्र देशमुख, नवनीत मालवीय, राहुल लुहाड़िया सहित अन्य नेता घोड़ाडोंगरी पहुंचे। कांग्रेस की जीत पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को बधाई शुभकामनाएं दी।



## मोबाईल से अश्लील वीडियो बनाना, शेयर करना या या शेयर करने की धमकी देना कब अपराध होगा पढ़िए/IT Act,2000... I

वर्तमान समय में यह अपराध बहुत ही तेजी से फैल रहा है किसी भी प्रोफेशनल व्यक्ति हो या आम व्यक्ति सभी इस अपराध का शिकार हो रहे हैं। हम देखते हैं कि बहुत से फर्जी ऐप हैं जिसमे लड़के हो या लड़कियां दोस्ती या संबंध बनाने के लिए एप को डाउनलोड कर लेते हैं और एक बार वीडियो कॉल पर बात होने के बाद उनकी अश्लील फ़ोटो बनाकर या वीडियो बनाकर उन्हें परेशान किया जाता है। बहुत से लोगो को जानकारी नहीं होती है कि ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कहाँ शिकायत की जाती है आज हम आपको अपने लेख में इस अपराध के बारे में जानकारी देते हैं जानिए।



**सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम,2000 की धारा 66(ङ) की परिभाषा-?**

कोई भी व्यक्ति जानबूझकर कर किसी व्यक्ति की सहमति के बिना किसी स्त्री ,पुरूष के गुप्तांग( नग्न फ़ोटो, अंत वस्त्र, स्त्री स्तन, जांघ आदि) का चित्र या अश्लीलता वीडियो बनाता है या उसे जानबूझकर कर सेंड करता है या ऐसी फ़ोटो, वीडियो को मोबाईल,कम्प्यूटर में सेव रखता है जिसके कारण स्त्री पुरूष की एकान्तता का उल्लंघन होता है ऐसा करने वाला व्यक्ति उपर्युक्त धारा के अंतर्गत दण्डित होगा।

**सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम,2000 की धारा 66(ङ) के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-** यह अपराध समझोता योग्य है उसी न्यायालय द्वारा जहाँ अपराध का विचारण है एवं यह संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध हैं। अधिनियम के अनुसार अपराध का इन्वेस्टिगेशन करने की शक्ति निरीक्षक(इंस्पेक्टर) की नीचे की पक्ति के पुलिस अधिकारी को नहीं हैं। सजा- इस अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की कारावास या दो लाख रुपए का जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

**-लेखक बीआर अहिरवार(पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद) 9827737665**

## चार जुलाई को महापौर लेंगी शपथ, आइएसबीटी में होगा कार्यालय, नए कक्ष बनकर तैयार

**भोपाल।** आइएसबीटी स्थित नगर निगम कार्यालय में मालती राय चार अगस्त को महापौर पद की शपथ लेंगी। इसके पहले नगर निगम के अधिकारी महापौर के लिए व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने में लगे हैं। निगम मुख्यालय के चौथी मंजिल में उनके लिए कार्यालय बनाया गया है। यहां नगर निगम अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के साथ उनके कर्मचरियों के लिए भी अलग से चैंबर बनाए गए हैं। साथ यहां महापौर के लिए कांफ्रेस हाल और वेटिंग रुम की सुविधा भी रहेगी। बतादें कि स्मार्ट सिटी भोपाल द्वारा दो करोड़ रुपये से महापौर के लिए कार्यालय, निगम अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष और इनके निज सचिव के साथ मीटिंग, वेटिंग व कांफ्रेस हाल तैयार किया गया है। इसके अलावा दो अन्य चैंबर भी बनाए गए हैं, जो एमआइसी मेंबर को दिए जाएंगे। हालांकि निगम अधिकारियों का कहना है कि अधिकतर एमआइसी मेंबर अलग-अलग अपने विभागों में बैठते हैं। इसलिए उनके कार्यालय संबंधित विभागों में बनाए जाएंगे। ठेका कंपनी के इंजीनियर ने बताया कि महापौर व अन्य जनप्रतिनिधियों का कार्यालय बनकर तैयार हैं।

## बालको को खरीदना या बेचना कब दंडनीय अपराध होगा जानिए/JJ Act,2015.... I

आज हम शिशु की चोरी करने वाले व्यक्तियों की चोरी करने वाले व्यक्ति या किसी अस्पताल के प्रसूति वार्ड से बच्चों को बेचने वाले व्यक्ति को किस धारा के अंतर्गत दण्डित किया जाता है उसके बारे में बताएंगे, अगर कोई व्यक्ति किसी शिशु बालक को खरीदता है वह भी दण्डित होगा जानिए।



**किशोर न्याय(बालको की देख रेख एवं संरक्षण) अधिनियम,2015 की धारा 81 की परिभाषा?**

1 कोई व्यक्ति किसी बालक(किशोर) को पैसों में बेचता है या कोई किसी किशोर बालक को खरीदता है या प्राप्त करता है तब ऐसे व्यक्ति को अधिकतम पाँच वर्ष की कारावास एवं एक लाख रुपए के जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।

2 अगर ऐसा किशोर बालक किसी संस्था, कोई संरक्षक व्यक्ति, किसी अस्पताल के प्रसूति वार्ड या कर्मचारी द्वारा किया जा रहा है तब अधिकतम सात वर्ष की कारावास से दण्डित होगा।

**- लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान (महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला ब्यूरो चीफ युवा प्रदेश समाचार पत्र अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)**

## एक युवा ऐसा भी जिसने पंचायत चुनाव हार कर भी जीत लिया अपनी पंचायत के लोगों का दिल

हम बात कर है रायसेन जिले के औबेदुल्लागंज ब्लाक की ग्राम पंचायत डुंगारिया के एक छोटे से गांव पौनिया के रहने वाले नीलेश कुमार की जिनने पंचायत चुनाव मै अपनी दावेदारी पेश की थी।बैसै तो नीलेश ने कालेज की पढ़ाई के साथ साथ राजनीति को भी भाबिष्य बना लिया था। जहां एक से बड़े एक दिग्गज हाथ आजमा रहे थे। वहां इस युवा ने भी हाथ आजमाने का मन बनाया ओर अपनी पत्नी संध्या को चुनाव लड़ाने का फैसला किया। जहां एक तरफ लोग शुरू से ही इनका विरोध कर थे ओर नामांकन बापसी का दबाव बना रहे थे।पर इस युवा ने हार जीत की परवाह ना करते हुए अकेले ही मैदान मैं खड़े रहे। और अकेले ही ओबेदुल्लागंज ब्लाक की दुसरी बड़ी पंचायत मै प्रचार प्रसार किया। अकेले ही लौगो के घर जाकर उनसे मिलना ओर ओर उनसे बात करना उनकी समस्याओ को समझा।पूरी पंचायत मै अकेले ही पोस्टर लगाए ओर प्रचार प्रसार किया। जिस हालत मैं अच्छे अच्छे दिग्गज मैदान छोड़कर भाग जाते वहां अकेले ही हार जीत की परवाह किए बिना मैदान मै खड़े रहे। बस यही बात लौगो के मन को भा गई और इस युवा ने पंचायत की जनता के दिल मैं जगह बना ली। ओर भाबिष्य मैं आने वाले चुनावों मैं अपनी दावेदारी का आगाज कर दिया।



### नीलेश मानते हैं की...

हमेशा जीतना भी ठीक नहीं है और हमेशा हारना भी ठीक नहीं है। जीत और हार दोनो में बैलेंस बना कर रखेंगे, तो ही आप खुश रह पाएंगे। कोई भी इंसान हारने के लिए जन्म नहीं लेता है। खुद को साबित करें, बिना डरे। आपको ताकत जीतने से नहीं मिलती बल्कि यह कठिनाई का सामना संघर्ष के साथ करने से आती है। आप जो कुछ भी करते हैं वह आपको अगले स्तर के लिए तैयार करता है।

## कर्री में भालू के हमले से बुजुर्ग की मौत



**कोरिया**-वन मंडल मनेंद्रगढ़ के अंतर्गत वन परिक्षेत्र जनकपुर में गाय चराने जंगल गये ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र जनकपुर के अंतर्गत आने वाले छिरहा में रहने वाला रामप्रसाद आत्मज मोतीलाल जंगल मे गाय चराने गया हुआ था। इसी दौरान अचानक भालू ने उस पर हमला कर दिया। भालू के हमले से बुरी तरह जख्मी रामप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि मृतक रामप्रसाद सुबह करीब 7 बजे गाय चराने पास के जंगल गया हुआ था। इसी दौरान भालू ने उस पर हमला कर दिया। ज्यादा खून बह जाने और गंभीर हालत के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी मिली तो वे जंगल पहुंचे जहां रामप्रसाद का शव पड़ा हुआ था। घटना स्थल पर भालू के पंजे के निशान मिले है इससे अनुमान लगाया जा रहा है की भालू के हमले से ही मृतक की जान गई है। घटना की जानकारी मिलते ही जनकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा आजादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत व्यख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**नर्मदापुरम।** शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में सोमवार को आजादी की 75 वीं वर्षगांठ का अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के बालिका और बालक इकाई द्वारा स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ओ एन चौबे जी ने भारत की आजादी का महत्व बताया एवं भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर अपने विचार व्यक्त किए जिसमें सुरेंद्र कुशवाहा, पीयूष तिवारी संस्कृति ,महिमा शर्मा वैष्णवी सभी स्वयंसेवक कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर ईरा वर्मा मेम ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सुनील दिवाकर सर ने धन्यवाद व्यक्त किया ।

# अधीर रंजन का शर्मनाक बयान कांग्रेस पार्टी की ओछी मानसिकता का प्रतीक - डॉ रश्मि सोनकर



**मनेन्द्रगढ़।** आज जब देश अपनी आजादी के 75वें वर्ष में बाबा साहब अम्बेडकर के विचारों को जीवंत करके खुशियां मना रहा है तब कांग्रेस की सामन्तवादी और परिवारवादी पार्टी को अत्यंत कष्ट हो रहा है। समाज के अंतिम छोर का प्रतिनिधित्व करने वाले सन्थाल जनजाति की एक महिला आज देश के सर्वोच्च स्थान पर पँहुच चुकी हैं। उनके सम्मान के लिए दो शब्द कहने के बजाय लोकसभा में इनकी पार्टी के नेता घटिया शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं और इनकी नेता जो स्वयं एक महिला हैं उन्हें बिल्कुल खेद नही है। यही चरित्र है कांग्रेस पार्टी का। इनके लिए केवल चांदी के चम्मच लेकर पैदा होने वाले निकम्मे लोग ही महत्वपूर्ण हैं।

**उक्ताशय का बयान जारी कर जिला सोशल मीडिया प्रभारी**

महिला मोर्चा कोरिया डॉ रश्मि सोनकर ने कहा कि देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित करने वाली एक अनुसूचित जनजाति की महिला के संघर्ष का सम्मान करते हुये जहां कई विपक्षी दलों ने उन्हें पार्टीलाइन से हटकर जिताया है वहीं कॉग्रेस पार्टी की घटिया सोच सदन में भी सुनने को मिल रही है। देश की जनता ऐसे अलोकतांत्रिक नेताओं के शर्मनाक करतूत को बहुत गम्भीरता से देख रही है और समझ रही है। आने वाले समय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस देश में कॉग्रेस मुक्त भारत का सपना साकार होगा और यही अधीर रंजन जैसे लोग तमाशा देखते रहेंगे।

**महामहिम का अपमान नही भूलेगा हिंदुस्तान:** कांग्रेस के सांसद अधीर रंजन चौधरी ने अपने पार्टी के चाल चरित्र को उजागर करते हुए निकृष्ट बयानबाजी से यह साबित कर दिया है कि महिलाओं के लिए इनके मन मे किस तरह की भावनायें है। पहली बार देश मे एक वनवासी क्षेत्र की आदिवासी महिला को नरेंद्र मोदी के माध्यम से राष्टपति बनाया गया है और चुनाव का परिणाम बेहद चर्चा मे रहा क्योंकि विपक्ष और विशेष कर कांग्रेस के ही कई विधायक व सांसद ने पार्टी के विरुद्ध जाकर भी द्रौपदी मुर्मू को चुना पर अधीर रंजन चौधरी जो वाकई मे अधीर है वह हमेशा अपने घटिया बयान बाजी के लिए जाने जाते है। जब भी मुंह खोलते है जहर जरूर उगलते है। भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता इस बयान का विरोध करता है 7 महिला का अपमान सदा से पतन का कारण बनता रहा है इतिहास इसका गवाह है।

# छःत्तीसगढ़ कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन के उचित मांगो को मिला भाजपा कोरिया का पूर्ण समर्थन

**कोरिया।** भारतीय जनता पार्टी कोरिया के द्वारा छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के द्वारा किए जा रहे कलम-बंद काम आंदोलन का समर्थन किया गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के द्वारा 25 जुलाई 2022 से 29 जुलाई 2022 तक सामूहिक अवकाश पर रहकर आंदोलन किया जा रहा है। जिसका भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा समर्थन किया गया7 भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस से त्रस्त हो चुकी है चाहे किसान, युवा, महिलाएं या कर्मचारी हो सभी इस कांग्रेस की सरकार से त्रस्त हो चुके हैं सभी आंदोलन के लिए सड़कों पर उतर चुके हैं कांग्रेस सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार में लिप्त है , कमीशन खोरी, हर काम में दलाली, यही कांग्रेस की पहचान बन गई है। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का पूर्णता समर्थन करती है भविष्य में जो भी आंदोलन फेडरेशन द्वारा किया जाएगा इसमें भारतीय जनता पार्टी का पूर्ण समर्थन रहेगा हर संघर्ष में भारतीय जनता




पार्टी किसानों,युवाओं, महिलाओं एवं कर्मचारी संघों के साथ है और उनको न्याय दिलाने के लिए सदैव हर संघर्ष में उनके साथ रहेगी। आपको बता दें कि पूर्व में भी प्रथम चरण में 30 मई 2022 को हड़ताल की नोटिस दिया गया। द्वितीय चरण में 29 जून से अवकाश लेकर जिला, ब्लाक, तहसील, स्तरीय महारैली की गई । अब तृतीय चरण में 25 से 29 जुलाई 2022 तक सामूहिक अवकाश लेकर कलम बंद-काम बंद के तहत हड़ताल की जा रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय तिथि से 34त्न महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता दिलाने चार चरणों में आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

चौथे चरण में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी7 इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जसवाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप सलूजा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राणा, भाजपा महामंत्री जमुना पांडे, भाजपा जिलामंत्री दुगपाल सिंह, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, भाजपा जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अंकुर जैन, मंडल महामंत्री संजय गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, मंडल मंत्री प्रमोद बंसल, जिला कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा आशीष मजूमदार आदि उपस्थित रहे।

# हरियाली अमावस्या के अवसर पर प्राचार्य एवं स्टाफ छात्रों द्वारा पौधा रोपित कर उसे सुरक्षित रखने की जवाबदारी उठाई गई।

**बीआर अहिरवार पत्रकार नर्मदापुरम।** शासकीय गृहविज्ञान अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा एवं हरियाली अमावस्या अंतर्गत एनएसएस एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी हर्षा चचाने एवं एनसीसी प्रभारी संगीता पारे के नेतृत्व में हरियाली अमावस्या के अवसर पर प्राचार्य एवं स्टाफ छात्रों द्वारा पौधा रोपित कर उसे सुरक्षित रखने की जवाबदारी उठाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन ने छात्राओं को पर्यावरण का संदेश देते हुए बताया कि भारतीय परंपरा व संस्कृति में अनादि काल से ही पौधों को संरक्षित करने पर विशेष जोर दिया जाता रहा है तथा वर्तमान में प्रदूषण से बचाव हेतु पौधारोपण की आवश्यकता है तभी हमारा जीवन सुरक्षित रह सकेगा। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान में देश की आन बान शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से डॉ. श्रीमती कामिनी जैन द्वारा समस्त स्टाफ, छात्राओं को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ हर्षा चचाने ने बताया कि इस अवसर पर दिनांक 27 जुलाई 2022 से 17 अगस्त 2022 तक विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ किरण पगारे डॉ. भारती दुबे,



डॉ. संध्या राय डॉ. श्रीकांत दुबे डॉ अरुण सिकरवार श्री कैलाश डोंगरे डॉ. कंचन ठाकुर, डॉ. पी.आर. मानकर, डॉ.कीर्ति दीक्षित, डॉ. दषरथ मीना, श्री अजय तिवारी, डॉ. अनिल रजक, श्री जलज श्रीवास्तव, मनोज सिसोदिया, कुमारी अंशिका गुप्ता, कुमारी पूजा गोस्वामी, स्वाति चौरे, शीतल, शिवानी एवं छात्राएं उपस्थित थी।

## कोई साथ नहीं मेरा ??

कभी ऐसा लगता था कि
साथ मेरे काफिला होगा।
कोई साथ नहीं है मेरा इस
सच को स्वीकारना होगा।
गलतफहमी मिट गई मंजिल
तक , अकेले ही जाना होगा।
संघर्ष में साथ कोई नहीं
सबके पास कोई बहाना होगा।
घेर लेंगे सब तुझे,, हरीश,,
जब पास तेरे खजाना होगा।
ताउम्र गुजरी है मुफलिसी में
सच से ना कोई अनजाना होगा।
विचारों का कांरवा मेरे पास है
यही बस मेरा अफसाना होगा।
आस्तीन गीली हो गई आंसुओं से
जुनून है,समाज को जगाना होगा।
मेरे जनाजे में लोग भले ना हो ?
विचारों पर मेरे शायद,जमाना होगा।



हरीश पांडल
विचार क्रांति

## नर्मदापुरम संभाग का प्रभारी बनाये जाने पर इं. अजय अहिरवाल को वीर शहीद मनीराम अहिरवार परिवार द्वारा बधाई

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार मोबाइल 8878054839**

भोपाल। मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय बैठक मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को जोड़ने के लिए विचार विमर्श किया गया। जिसमें अनुसूचित जाति विभाग के समस्त प्रदेश संयोजक के पदों को मुक्त कर नये स्तर पर संगठन बनाने का तय किया गया। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कमलनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुरेश पचौरी की अनुशंसा पर नर्मदापुरम संभाग से इंजीनियर अजय अहिरवाल को संभाग प्रभारी बनाया गया। श्री अहिरवाल जी इटारसी के सक्रिय समाजसेवी एवं सामाजिक संगठन में अपनी अहम भूमिका रखते हैं। जिन्हें मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कांग्रेस विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रदीप अहिरवार जी ने उनकी सक्रियता और पार्टी की विचारधारा के माध्यम से संगठन मजबूत करने के लिए संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। निश्चित रूप से श्री अजय जी संभाग में संगठन को सशक्त व मजबूती प्रदान करेंगे। नर्मदापुरम संभाग के प्रभारी बनने पर मध्यप्रदेश के एकमात्र अनुसूचित जाति के वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी के परिवार और परिजनों में शहीद सुपौत्र मूलचन्द मेधोनिया, रेवती रमन अहिरवार सहित



जिला नरसिंहपुर तहसील गाडरवारा के अनुसूचित जाति के वीर शहीद मनीराम सम्मान संघर्ष समिति के वरिष्ठ नेता श्री कौशल अहिरवार, अशोक अहिरवार, कैलाश अहिरवार, चन्दभान खेमरे, रामजी बेलवंशी, हरिशंकर बौद्ध, भवानी प्रसाद जाटव, जीवनलाल अहिरवार, नन्हेवीर, भूरेलाल अहिरवार, अनिल अहिरवार, रामस्वरूप अहिरवार इत्यादि अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार राष्ट्रीय शहीद सम्मान संघर्ष समिति जिला नरसिंहपुर की ओर से श्री अजय अहिरवाल जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समिति के पदाधिकारियों ने श्री अहिरवाल जी से अपेक्षा की है वह अहिरवार समाज के महान क्रांतिकारी वीर सपूत मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा दिलाने की कांग्रेस पार्टी के वचन पत्र 2023 में नाम शामिल कराने की अवश्य पहल करेगें। ताकि मध्यप्रदेश की अनुसूचित जाति वर्ग एवं अहिरवार समाज गौरवान्वित हो सके।

# आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की गई

**नर्मदापुरम।** उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कार्यक्रम हर घर तिरंगा अभियान में शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन के मार्गदर्षन में राष्टीय सेवा योजना एवं एन.सी.सी के संयुक्त तत्वाधाना में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने एवं डॉ. रीना मालवीय डॉ. संगीता पारे द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आज रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत सभी नागरिकों से अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा फहराने की अपील की है। प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत इस अपील के द्वारा छात्राओं के माध्यम से जन साधारण तक पहुँचाया है। इस वर्ष देश आजादी के 75 वर्ष पूरे कर रहा और हम 75 वां 'स्वतंत्रता दिवस मानने वाले हैं। इस अवसर को मनाने के लिए अमृत महोत्सव की शुरुआत की गयी है। ये पल भारत के सभी नागरिकों के लिए बहुत ही खास है, इसलिए हमारे देश की यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के सभी नागरिकों को आजादी का जश्न मनाने के लिए 'हर घर तिरंगा' अभियान में शामिल होने का आग्रह किया है। भारत सरकार ने अपने देश के नागरिकों को देशभक्ति प्रदर्शित करने के लिए 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक राष्ट्रीय ध्वज फहराने को कहा गया है। हम सभी को हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होना चाहिए और झंडे के प्रति गौरवांवित होना चाहिए। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर गॉधी चौक तक निकाली गई। छात्राओं ने हर घर अभियान के नारे लगाते हुए जन साधारण




को जागरूक किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएँ कु. अंषिका गुप्ता, कु. पूजा गोस्वामी, शांभवी गौर, वंदना तिवारी, रिया गौर महाविद्यालयीन स्टॉफ डॉ. पुष्पा दुबे, डॉ. श्रुति गोखले, डॉ. कंचन ठाकुर, डॉ. रष्मि श्रीवास्तव, नीलम चौधरी, डॉ. कीर्ति दीक्षित, स्वेता वर्मा, श्री रफीक अली और बडी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# किसानों की समस्या के विरोध में भाजपा किसान मोर्चा ने चैनपुर सहकारी सोसायटी एवं बिजली विभाग मनेंद्रगढ में किया जोरदार प्रदर्शन

**मनेंद्रगढ।** छत्तीसगढ़ के किसानों को हो रही खाद संकट और अघोषित बिजली कटौती के विरोध में सहकारी सोसायटी एवम बिजली विभाग में तालाबंदी धरना कार्यक्रम किया गया ।छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। और छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार किसानों को जिस प्रकार किसानी कार्यों के प्रारंभिक चरण में प्रताड़ित कर रही है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि एक किसान खेती प्रारंभ करने से पूर्व साख समिति पहुंचता है और वहां से खाद व कर्ज लेता है व खाद की व्यवस्था सुनिश्चित करता है। किंतु आज साख समितियों में खाद की आपूर्ति नहीं किए जाने के चलते किसान चिंतित है। ऐसी दशा में वह प्राइवेट संस्थानों से खाद की खरीदी करने हेतु मजबूर हैं। जहां से कालाबाजारी स्वरूप दुगुने व तिगुने दामों पर खाद की खरीदी हेतु बाध्य है। वहीं सरप्लस बिजली उत्पादन वाले राज्य में बिजली की अघोषित कटौती से किसान अलग चिंतित है, कहीं दिनभर तो कहीं सप्ताह पंद्रह दिनों तक आपकी किसानी बिजली बंद की शिकायतें रहती है। इन दोनों विषयों को लेकर प्रदेश के किसान साथी अत्यंत चिंतित व प्रताड़ित है।



1. प्रदेश में रासायनिक खाद की कमी को दूर कर किसानों को सोसायटियों के माध्यम से पर्याप्त ष्ठ..क्क व ञ्जक्ष्ठ प्रदाय किया जाए।

2. किसानी बिजली लाईन अटल ज्योति व ग्रामीण क्षेत्रों में बार बार अघोषित रूप से व कई दिनों तक बिजली कटौती समाप्त किया जाए। सरप्लस बिजली उत्पादन वाले राज्य में इस प्रकार बिजली के लिए ग्रामीणों को प्रताड़ित करना बंद करे सरकार।

3. सरकार के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट के नाम पर किसानों से की जाने वाली लूट बंद हो।

4. राज्य की काँग्रेस सरकार में किसानों के तकरीबन 70 हजार पंप कनेक्शन स्थायी हेतु लंबित है। जिनके डिमांड भुगतान हो चुके है। किसानों को स्थायी बोर कनेक्शन प्रदान किया जाय।

5. कांग्रेस सरकार ने अपने जनघोषणा पत्र में 2 साल का बोनस देने का वादा किया था। किसानों को 2 साल का लम्बित बोनस प्रदान करें।

6. किसानों को पूर्व के भाजपा सरकार में मिलने वाली विभिन्न सब्सिडी वाली योजनाएं तात्कालिक सरकार ने बन्द कर रखी है। जिसे प्रारम्भ किया जाए।

7. राज्य सरकार ने विगत दो सालों से किसानों के बारदानों में धान खरीदी तो की है, किन्तु उसका भुगतान अब तक किसानों को नहीं किया गया। राज्य सरकार जल्द किसानों को बारदानों का पैसा प्रदाय करें।

8. राजीव गाँधी न्याय योजना के तहत किसानों को विगत दो सालों से जो अंतिम क़िस्त दिया गया उसमें 30 से 50 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कम भुगतान हुआ। यह राशि छोटी है किंतु पूरे प्रदेश में यह लगभग 1 हजार करोड़ का घोटाला है। जब बजट प्रस्तावित होता है। तो यह कटौती क्यों होती है। जाँच का विषय है।

उक्त सभी महत्वपूर्व विषयों पर भाजपा किसान मोर्चा के मनेंद्रगढ मंडल नागपुर मंडल हसदेव मंडल के किसान मोर्चा पदाधिकारी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति में चैनपुर सहकारी सोसायटी एवं मनेंद्रगढ़ बिजली विभाग में प्रबंधक के माध्यम से राज्यपाल जी को उक्त विषयों के संबंध में निराकरण हेतु ज्ञापन प्रेषित किया गया इस अवसर पर प्रभारी अनिल केसरवानी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा संतोष द्विवेदी, सह प्रभारी आशीष मजूमदार जिला कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा, सुनील मिश्रा जिला मंत्री किसान मोर्चा, अंकुर जैन जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा , आनंद ताम्रकार आईटी सेल विधानसभा प्रभारी ,विनोद गुप्ता हसदेव मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह हसदेव मंडल महामंत्री रामचरित द्बिेदी मनेंद्रगढ़ मंडल महामंत्री प्रमोद बंसल मनेंद्रगढ़ मंडल मंत्री राजकुमार यादव मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा सभाजीत यादव मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, दीपक देवांगन जिला सोशल मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा, संतोष वर्मा हसदेव मंडल महामंत्री किसान मोर्चा नागपुर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा धर्मपाल सिंह रीतेश ताम्रकार एवं सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 25 जुलाई सोमवार को होगा जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ का घेराव

## 19,20 और 22 जुलाई को कोरिया जिला के तीनों विधानसभा में भाजपा युवा मोर्चा ने रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार के खिलाफ किया एसडीएम कार्यालयों का घेराव



**कोरिया।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमित साहू के निर्देश पर समूचे छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिला के सभी विधानसभाओं में रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता के मुद्दे को लेकर एसडीएम कार्यालयों का घेराव किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कोरिया जिला के तीनों विधानसभाओं में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कोरिया के जिलाध्यक्ष श्री अंचल किशोर राजवाड़े के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालयों का उग्र प्रदर्शन कर कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर घेराव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, बैकुंठपुर विधानसभा के बैकुंठपुर एसडीएम कार्यालय में दिनांक- 19 जुलाई मंगलवार को, भरतपुर-सोनहत विधानसभा के सोनहत एसडीएम कार्यालय का घेराव 20 जुलाई बुधवार को एवं मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के सोनहत एसडीएम कार्यालय का घेराव 22 जुलाई शुक्रवार को भाजयुमो के कार्यकर्त्ताओं के द्वारा ऐतिहासिक आंदोलन किया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंचल किशोर राजवाड़े ने कांग्रेस सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं से घोषणा पत्र के माध्यम से वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद बेरोजगार युवाओं को 25 सौ रुपए बेरोजगारी भत्ता एवं 1 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा,इस निकम्मी सरकार का कार्यकाल 42 माह पूर्ण हो गए किंतु आज तक कोरिया जिला सहित छत्तीसगढ़ के किसी भी बेरोजगार युवा को ना तो एक रुपये बेरोजगारी भत्ता मिला और ना ही किसी को रोजगार। जल्द बेरोजगारी भत्ता एवं रोजगार न मिलने की स्थिति में भाजयुमो जिला अध्यक्ष श्री अंचल राजवाड़े ने जिला प्रशासन को पूरे जिलेभर में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरगुजा संभाग के प्रभारी श्री चिंटू राजपाल ने तीनों विधानसभाओं के एसडीएम कार्यालय के घेराव में शामिल होकर युवाओं के बीच में रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता के विषय को लेकर ऊर्जा भरने का काम किया,इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजपाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर विरोध किया,उन्होंने भुपेश सरकार को पूर्ण रूप से युवा विरोधी सरकार बताया है। भाजपा संगठन के जिला प्रभारी श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कांग्रेसी सरकार को माफियाओं की सरकार,उद्योगपतियों की सरकार बताया है,उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में युवाओं को धर्म अंतरित किया जा रहा है, जो पूर्णतः अन्यायपूर्ण है। भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया के जिला अध्यक्ष श्री कृष्णबिहारी जायसवाल ने कांग्रेस सरकार पर हल्ला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में बेरोजगार युवाओं को अच्छी शिक्षा एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का काम किया गया किंतु वर्तमान सरकार ने युवा बेरोजगार युवाओं का भविष्य हाशिए पर रख दिया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं डॉ रमन सिंह के शासनकाल में कैबिनेट मंत्री रहे श्री भैयालाल राजवाड़े ने कहा कि 15 साल हमारी भी सरकार थी लेकिन 15 सालों में एम्स, आई.आई.टी, आई.आई.एम जैसे बड़े इंस्टिट्यूट डॉ. रमन सिंह जी के कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में खुले. युवाओं को रोजगार की दृष्टि में सुनहरे अवसर मिले,वर्तमान की कांग्रेस सरकार युवाओं को लेकर जरा सी भी गंभीर नहीं है, युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। सोनहत एसडीएम कार्यालय घेराव के दौरान भरतपुर सोनहत की पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चम्पादेवी पावले ने वर्तमान सरकार को युवा,किसान, महिला विरोधी सरकार का आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश सरकार अपने किए वादों से मुकर रही है और यहां का पैसा अपने आकाओं के पास पहुंचाने का काम कर रही है। खड़गवां में एसडीएम कार्यालय घेराव के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इन 4 वर्षों से कांग्रेस सरकार माफियाओं की सरकार है,यह पूर्णतः किसान विरोधी सरकार है, राज्य सरकार किसानों के साथ बहुत ही अन्याय कर रही है, इन्हें खाद उर्वरक नहीं दे पा रही है, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता और रोजगार उपलब्ध नहीं करा पा रही है,भूपेश की कांग्रेस पार्टी अपने सभी वायदों पर पूरी तरह फेल है भाजयुमो प्रदेश महामंत्री श्री रितेश गुप्ता ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार युवाओं से शराब बेचवाने और गोबर उठवाने का काम कर रही है । रोजगार उपलब्ध कराने में यह सरकार फेल है। इस दौरान पूर्व विधायक श्री दीपक पटेल ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचारी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है वर्तमान सरकार से सभी वर्ग परेशान हैं। बताना लाजमी है कि तीनों विधानसभा में शानदार सफल प्रदर्शन के लिए जिला संगठन प्रभारी श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव एवं सहप्रभारी श्री प्रशांत सिंह ठाकुर ने युवा मोर्चा की टीम को बधाई, शुभकामना व शाबाशी दिया है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष श्री अंचल राजवाड़े ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों/जिला पदाधिकारियों/जिला कार्यसमिति सदस्यों और बैकुंठपुर विधानसभा के 6 मंडल (बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा,बचरा-पोंड़ी,सलका, कूड़ेली,पटना) भरतपुर-सोनहत विधानसभा के सात मंडल (हसदेव,सोनहत, जनकपुर,कुँवारपुर, कोटाडोल,केल्हारी,नागपुर) मनेंद्रगढ़ विधानसभा के तीन मंडल (मनेंद्रगढ़, खडगवा, चिरमिरी के मंडल अध्यक्ष एवं उनकी पूरी टीम को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है। जिलाध्यक्ष श्री राजवाड़े ने बैकुंठपुर विधानसभा, भरतपुर-सोनहत विधानसभा एवं मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं, भाजपा कार्यकर्त्ताओं एवं बैकुंठपुर विधानसभा के कार्यक्रम प्रभारी (सत्यम साहू,हितेश सिंह,रंजन शर्मा),भरतपुर सोनहत प्रभारी (हर्षल गुप्ता,शारदा प्रसाद,प्रखर गुप्ता,जितेंद्र यादव), मनेन्द्रगढ़ प्रभारी (सुशील सिंह,मनोज शुक्ला,कोमल पटेल) को उक्त तीनों एसडीएम कार्यालय घेराव के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिए एवं पूर्ण समर्पण भाव के साथ कार्य करने के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।



## शुल

कब तक सहोगे सामंतों के दिये
दर्द कि पराकाष्ठा का शुल
क्या 85त्र बहुजनो ने इसे नियति
समझ कर लिया है कबुल
कितने÷वालंटियर÷ पैदा हुए जिन्होंने
तूम्हे चेताया था कि
जुल्म ढाने वाले से ज्यादा
गलत
जुल्म सहने वाला होता है
फिर भी जागृति तुममें
क्यो नही आता
क्यो, शोषण सहना ही
तुमको भाता
गीली मिट्टी समझकर सवर्ण
तुमको रौंद रहे हैं
चट्टान बनने की ललक
बहुजनो में क्यो
नही कौंध रहे हैं
सारे हौसले बुलंद करलो
और सभी दर्दो को करो वसुल
कब-तक सहोगे सामंतों के दिये
दर्द की पराकाष्ठा का शुल
बहुजन नायकों को याद करो
गुलामी सह जीवन ना बर्बाद करो
मत जुल्म सहो,
अपने लहु में रवानी पैदा करो
अपने बुढापे में जवानी
का जज्बा पैदा करो
मुझ अकेले से क्या होगा?
गर ऐसा सोच हमारे
महापुरुषों ने रखा होता
तो वे आज , हमारे आदर्श ना होते
ऐसा क्रांतिकारी विचार आज
हमारे÷कलम÷ में ना पैदा होते
लिखो लिखने की इंतहा तक
तुम्हारे कलम की धार
नये क्रांति को जन्म देगा
वह क्रांति बडा होकर
गुलामी सहने की नहीं करेगा भुल
कब-तक सहोगे सामंतों के दिये
दर्द की पराकाष्ठा का शुल
कबीर,नानक, रैदास, घासीदास
ज्योतिफुले,, सावित्री, पेरियार
ये सब है हम बहुजनो के हथियार
समझदार योद्धा वहीं है जो
तेज रखें अपने हथियारों के धार
अनगिनत है बहुजनो के सिपहसालार
इन सबको मिलाकर
एक अमोघ अस्त्र बनाना है
अलग-अलग अस्त्रो (जातिवाद) से
लड़ना छोड़ो
सबको मिलाकर महाअस्त्र बनाना है
एकता रुपी महामंत्र को मानो
देश के सभी निवासी मुल
कब-तक सहोगे सामंतों के दिये
दर्द की पराकाष्ठा का शुल
युवाओं तुम कल के सेनापति हो
तुम युद्ध का अभ्यास करो
मोबाइल चैटिंग, चमक-दमक में
मत अपने भविष्य को नाश करो
विषयों के किताबों के साथ
नैतिक शिक्षा भी जरूरी है
कौन होगा तुम्हारे जीवन का आदर्श
उन महापुरुषों का चयन करो
आशावादी, भविष्यवादी
ऐसे विचारों को दफ़न करो
तर्कवादी,विज्ञानवादी
संविधान को नमन करो
देखो तुम मत दोहराना
अपने बुजुर्गो की भुल
चमत्कार, आडंबर, पाखंड को
युवा शक्ति अपने जीवन से दूर करो
क्या तुम्हें बनना है?
क्यो तुम्हे बनना है?
क्या तुम्हें करना है?
इस भावना को करो कबुल
अब ना सहेंगे, सामंतों के दिये
दर्द की पराकाष्ठा का शुल
अब नहीं करेंगे कोई भुल
हम ही ईश्वर,हम ही गॉड
हम ही हैं अपने÷रसुल÷

**हरीश पांडल**
**सतनाम पुनर्जागरण मिशन**

# जनता के टैक्स के पैसे का कांग्रेस सरकार के सत्ता धारी कॉग्रेसी नेता व विधायक के मिडिया प्रभारी ने सरकारी पैसा का दुरुपयोग कर रहे है पुरा मामला भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र का है ।

**मनोज साहू**



विधायक मद के पैसे का कार्य कर्ता कर रहे दुरुपयोग अपने ही सरकार के पैसे का हो रहा दुरुपयोग पुरा मामला है सोनहत के गांव केशगवा जहा पर विधायक के मिडिया प्रभारी ने विधायक के स्वीकृत हैंड पम्प उचित और जरूरत मंद जगह ग्रामीण को पानी की समस्या के स्वीकृत का गलत इस्तेमाल करके अपने घर के सामने रहने के बाद भी बिधायक के मिडिया प्रभारी ने सरकार की पैसे का दुरुपयोग कर अपने घर के पिछे भी खुदवाया है ग्रामीण भटक रहे पानी के लिए यहा विकास की बात करने वाली कांग्रेस की सरकार के कार्यकर्ता अपने ही स्वार्थ के लिए अपने घर के आगे पीछे विकास के नाम पर हैंड पम्प खुदवा रहे है ।ग्रामीणो क्षेत्र के लोगो के पानी की समस्या का समाधान नही हो रहा क्योंकि कांग्रेस सरकार के कार्यकर्ता सरकार को खुद चुना लगाने के लिए लगे हुऐ है ।





## एक और सड़क के गड्ढे दूसरी और मवेशी बन रहे हादसे का कारण

**बरेली।** नगर के माध्यम से गुजरने वाले मुख्य मार्ग की वर्तमान में स्थिति बद से बदतर बनी हुई है जिस पर बारिश के कारण जगह-जगह सैकड़ों की संख्या में बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं वहीं दूसरी ओर आवारा मवेशी वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं सड़क के गड्ढे और मवेशी इन दिनों हादसों का कारण बन रहे हैं ऐसी स्थिति में चालकों को समझ नहीं आ रहा कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है ऐसी स्थिति में जहां आवागमन के दौरान नागरिक परेशानी का सामना कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर मार्ग पर यहां वहां सैकड़ों की संख्या में आवारा मवेशियों के झुंड जमा होने के कारण से वाहन चालक आए दिन चोटिल हो रहे है उल्लेखनीय है कि मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढों के साथ ही बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी जमा हो सकता है जिसके कारण इस मार्ग से निकलने वाले नए वाहन चालकों को गड्ढों की गहराई नहीं पता होने की स्थिति में अपने वाहन डाल देते हैं जिससे वाहनों में टूट-फूट हो रही है वहीं चालक हाल हो रहे हैं।

## मामले को लेकर कलचुरी नवयुवक मंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

नगर में 28 जुलाई को कलचुरी नवयुवकमंडल के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन के माध्यम से नवयुवक मंडल के सदस्यों ने मांग की है किझोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा जनता के स्वस्थ एवं जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है नगर एवं क्षेत्र में संचालित ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों पर उचित कार्रवाई कर क्लीनिक बंद कराए जाएं क्षेत्र में बिना किसी डिग्री के यहां डॉक्टर इंजेक्शन होटल एवं दवाओं के द्वारा बीमारी के इलाज के नाम पर खिलवाड़ कर रहे हैं जबकि इन लोगों के पास ना तो की शासकीय विभाग की अनुमति है और ना ही उन्होंने विधिवत इलाज किए जाने का अध्ययन ही किया है उल्लेखनीय है कि विगत दिनों एक झोलाछाप डॉक्टर प्रताप राजपूत श्रीजी मंदिर रोड चौधरी चौक के द्वारा नगर के दशरथ राय के 17 वर्षीय नाबालिग पुत्र दक्ष राय उर्फ नंदू को मामूली दाद की बीमारी में ऐसे इंजेक्शन लगाए कि उसके पैर सूजन आ गई इसके बाद भी उचित डॉक्टर एवं उनका पुत्र दिलासा देते रहे और इंजेक्शन लगाते रहे और इस कारण से उक्त बालक की असम मृत्यु हो गई पूर्व में भी कई ऐसी ही घटनाएं घट चुकी है लोगों की अज्ञानता एवं प्रशासन की लापरवाही के कारण से वह मामले दब जाते हैं परिजनों ने अपनी समाज के पदाधिकारियों के द्वारा क्षेत्र में संचालित फर्जी झोलाछाप चिकित्सकों पर 8 दिन के अंदर उचित कानूनी कार्रवाई करें ऐसा ना होने पर समाज एवं क्षेत्र के जागरूक नागरिकों के साथ मिलकर सड़क पर आंदोलन और चक्का जाम करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

> ■ परिजन बोले बेटी की मौत की जांच 8 दिन में पूरी कर कार्रवाई करें

## विधान परिषद की आठ सीटों पर चर्चा के लिए सीएम आवास पर हुई बैठक, दोनों डिप्टी सीएम हुए शामिल



**लखनऊ।** यूपी विधान परिषद की आठ सीटों पर उम्मीदवारों की चर्चा के लिए मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसमें मुख्यमंत्री योगी सहित दोनों उपमुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन सहित बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। विधान परिषद की दो सीटों पर उपचुनाव और छह सीटों पर मनोनयन होना है। यूपी विधान परिषद की आठ सीटों पर उम्मीदवारों की चर्चा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर गुरुवार को भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री और संगठन महामंत्री सुनील बंसल, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व कई बड़े पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में विधान परिषद की कुल आठ सीटों के उम्मीदवारों पर चर्चा हुई। इन आठ सीटों में से दो पर उपचुनाव होना है जबकि छह सीटों पर प्रत्याशियों को मनोनीत किया जाएगा। इसके पहले बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जल्द ही पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। स्वतंत्र देव का कार्यकाल 16 जुलाई को पूरा हो गया था। हालांकि, नए अध्यक्ष की घोषणा होने तक वह अध्यक्ष पद के सारे कार्य करते रहेंगे।

## प्रदेश में 244 संक्रमित मिले, भोपाल में एक मरीज की मौत



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामले में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को 7948 जांच में 244 नए संक्रमित मिले है। भोपाल में 74 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हुई है। प्रदेश के अलग-अलग अस्पताल में संक्रमित/ संदिग्ध 73 मरीज भर्ती है। इनमें से 10 मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। प्रदेश में अब तक 10 लाख 49 हजार 188 लोग संक्रमित हो चुके है। इनमें से 10 लाख 36 हजार 856 ठीक हो चुके है। कोरोना के कारण अब तक 10 हजार 752 की जान जा चुकी है। बुधवार को 293 मरीज ठीक हुए। प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 1580 है।

### 20 जिलों में मिले नए संक्रमित

प्रदेश में बुधवार को 20 जिलों में नए संक्रमित मिले है। इनमें बालाघाट में 2, भोपाल में 51, बुरहानपुर में 3, डिंडौरी में 2, ग्वालियर में 7, हरदा में 4, होशंगाबाद में 2, इंदौर में 94, जबलपुर में 33, कटनी में 3, खंडवा में 2, खरगोन में 11, मंडला में 1, मुरैना में 1, नरसिंहपुर में 5, राजगढ़ में 4, सागर में 1, सीहोर में 9, टीकमगढ़ में 2, उज्जैन में 7 संक्रमित मिले है।

# डायरिया से दो लोगों की मौत के बाद हड़कंप, स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया डोर-टू-डोर सर्वे

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले के ग्राम बागरा तवा में उल्टी दस्त से दो लोगो की मौत के बाद हड़कंप मच गया है। फिलहाल 14 लोगों का इलाज जारी है। गांव में बीमारी फैलने की आशंका के चलते प्रशासनिक अमला अलर्ट पर है। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहा है। जानकारी के मुताबिक डायरिया से प्रभावित दफाई मोहल्ले में कलेक्टर ने मृतक विधाबाई (45 वर्षीय) पति पंचम कौल एवं मुन्ना (40 वर्षीय) पिता रेवाराम कहार के परिजनों से चर्चा की तथा मृत्यु के कारण की जानकारी ली। कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसीलदार को मृतक के परिजनों को अंत्येष्टि सहायता सहित अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है।



### 150 से अधिक लोगों का किया गया सर्वे

बाल विकास परियोजना अधिकारी माखननगर वीणा बोरासी ने बताया कि अब तक डेढ़ सौ से अधिक लोगों का सर्वे किया गया है, जिसमें 2 लोगों की मृत्यु एवं 14 लोग उल्टी दस्त से प्रभावित हैं। इन 14 लोगों का प्राथमिक उपचार के बाद स्वास्थ्य ठीक हैं।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अमले को निर्देशित किया, कि दफाई मोहल्ला सहित अन्य आसपास के ग्रामों में डोर टू डोर सर्वे कर स्वास्थ्य जांच करें एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया जाए। उन्होंने पेय जल स्त्रोतों की भी सघन साफ सफाई एवं क्लोरिफिकेशन किए जाने के निर्देश दिए।


### कलेक्टर ने की ग्रामीणों से बात

ग्राम बागरा के भ्रमण के दौरान कलेक्टर सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने वर्षा में जलभराव, आवास सहायता आदि समस्याएं बताई। कलेक्टर ने राजस्व एवं जनपद के अमले को मुख्यमंत्री भू अधिकार योजना के तहत पात्र ग्रामीणों को पट्टे उपलब्ध कराने तथा जलभराव की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।



## दो भाइयों को सांप ने डसा, झाड़फूंक कराते रहे परिजन, हालत बिगड़ने पर लेकर पहुंचे अस्पताल

**छतरपुर।** छतरपुर में बारिश के मौसम में सांप के काटने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में ताजा मामला राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पाय का है। यहां रात के वक्त खटिया पर सो रहे दो सगे भाइयों को सांप ने डस लिया, जिसके बाद परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने की जगह झाड़फूंक कराते रहे, बाद में जब दोनों की हालत बिगड़ने लगी तो सुबह परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। दरअसल पाय निवासी रतिराम कुशवाहा अपनी पत्नी दुर्जी तथा दो बच्चों गिरजाशंकर (15 वर्ष) और उमाशंकर (9 वर्ष) के साथ घर में सो रहा था। रात करीब तीन बजे एक जहरीले सांप ने गिरजाशंकर के हाथ में तथा उमाशंकर के कान में डस लिया। सांप के डसने की खबर बच्चों ने मां को दी। जिसके बाद रतिराम कुशवाहा दोनों बच्चों को झाड़-फूंक के लिए महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरधा ले गए। जब झाड़-फूंक से आराम नहीं लगा तो सुबह 7 बजे दोनों बच्चों को जिला अस्पताल लाया गया। उमाशंकर की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल के पीआईसीयू में भर्ती कराया गया है जबकि गिरजाशंकर की हालत सामान्य बताई गई है।

## संपादकीय

### चायवाले प्रधानमंत्री हैं, संत मुख्यमंत्री हैं और अब आदिवासी समुदाय से राष्ट्रपति हैं



**राष्ट्रपति** पद यानी देश का राजा, इस गरिमा को ध्यान में रखकर आजादी के बाद से बनी स्वयंभू व्यवस्थाओं के चलते रसूख और बड़ी हैसियत वाले व्यक्तियों को ही महामहिम की कुर्सी पर आसान कराया जाता रहा। पंक्ति में खड़ा अंतिम व्यक्ति देश का महामहिम बने, ऐसी कोई कल्पना तक नहीं कर सकता था। पर, अब वैसी सोच और वो पुरानी रिवायतें बदल चुकी हैं। देश की सियासत में रोजाना नित कोई ना कोई अप्रत्याशित चमत्कार हो रहे हैं। यूं कहें कि राष्टपति पद का इतिहास अब पहले के मुकाबले बदल दिया गया है। क्योंकि इंसान और उसकी इंसानियत से बढ़कर कोई औहदा नहीं होता। शायद ये हमारी भूल थी कि हमने इंसान के बनाए औहदों को व्यक्ति विशेष से बड़ा समझा। इंसान से ही सभी चीजें सुशोभित हैं, वरना धरती, आकाश, जल जंगल, घर, संसार सभी वीरान हैं। बहरहाल, अगर कायदे से विचार करें तो समझ में आता है कि किसी भी पद-प्रतिष्ठा पर किसी का भी हक हो सकता है और होना भी चाहिए? फिर चाहे कोई आम हो या खास। कमोबेश, यही इस बार के राष्टपति चुनाव में देखने को मिला। एक अति शोषित, पिछड़े आदिवासी समाज की बेटी को पहली बार राष्ट्रपति बनाया गया है जो सपनों और कल्पनाओं से काफी परे है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरगामी और सर्वसम्मानी सोच का अक्स दिखता है। उनकी अकल्पनीय और जिंदा कल्पनाओं का ही असर है कि मौजूदा समय में देश का जनमानस ऐसी बदली हुई तस्वीरें देख पा रहा है। भारत के राजनैतिक इतिहास में पहली मर्तबा ऐसा हुआ है जब प्रधानमंत्री पद पर कोई चाय बेचने वाला आसीन है, मठ-मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाला संत मुख्यमंत्री बनकर जनता की सेवा में लगा हो और उसी कड़ी में अब राष्टपति पद पर आदीवासी समाज से ताल्लुक रखने वालीं बेहद सरल-सादगी की मूर्ति द्रौपदी मुर्मू जैसी समान्य महिला विराजमान हुई हों। दरअसल, ये सब बदलती राजनीति परपाटी की ही देन है, जिसके लिए इच्चाशक्ति और ईमानदारी का होना जरूरी है। शायद द्रौपदी मुर्मू ने भी कभी ना सोचा हो कि एक दिन देश के सर्वोच्च पद की सोभा बढ़ाएंगी। लेकिन अब असल में ऐसा हो चुका है। द्रौपदी मुर्मू के प्रथम महिला व हिंदुस्तान की 15वीं राष्टपति निर्वाचित होने पर समूचा देश गौरवान्वित है, विशेषकर उनका आदिवासी समाज! जो उनके निर्वाचन के ऐलान के बाद से ही ढोल-नगाड़े बजाकर जीत की खुशियां मनाने में लगा है, आपस में मिठाईयां बांट रहे हैं। गांव में लोग खुशी से झूम रहे हैं। दरअसल, ये ऐसा समाज है जो शुरू से हाशिए पर रहा, कागजों में उनके लिए पूर्ववर्ती हुकूमतों ने जनकल्याकारी योजनाओं की कोई कमी नहीं छोड़ी, लेकिन धरातल पर सब शून्य। जंगलों में रहना, कोई स्थाई ठौर ना होना, रोजगार-धंधों में भागीदारी ना के बराबर रही। उनकी असली पहचान गरीबी और मजबूरी ही रही।

# शांति से निकली कांवड़ यात्रा कई लोगों को भाई नहीं, सरकार को बदनाम करने का कर रहे हैं षड्यंत्र

*उनके भक्ति भाव के सम्मान के लिए उन पर पुष्पवर्षा भी की जाती रही है जो इस बार उत्तराखंड में भी हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं मेरठ जिले में पुरा महादेव से लेकर मुजफ्फरनगर तक हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की। आस्था के सम्मान के इन पुष्पों से वातवारवण सुगंधित और धर्ममय हो गया। एक हेलीकाप्टर से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा हुयी और दूसरे हेलीकाप्टर में बैठे मुख्यममंत्री योगी आदित्यनाथ हाथ हिलाकर शिवभक्तों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। यह नयनाभिराम दृश्य छद्म धर्म निरपेक्ष समूहों तथा असामाजिक तत्वों को रास नहीं आ रहा है।*

सावन के पवित्र माह में लाखों की संख्या में शिवभक्त कांवड़िये भोलेनाथ की भक्ति में डूबकर पवित्र कांवड में जल लेकर भगवान शिव पर चढ़ाने जा रहे हैं। सभी प्रसिद्ध व ऐतिहासिक शिव मंदिरों में इनकी भारी भीड़ पहुंच रही है। उत्तराखंड के हरिद्वार में ही लाखों शिवभक्त कांवड़िये पहुंच रहे हैं जिससे अद्भुत कीर्तिमान बन रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार तथा उत्तराखंड की सरकारों की ओर से कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए अति विशिष्ट प्रबंध किये गये हैं लेकिन यह भीड़ इतनी अधिक है कि यह भी कम लग रहे हैं। वर्ष 2017 से ही योगी अदियानाथ की सरकार कांवड़ यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रख रही है और उनकी सुविधा के लिए व्यस्थाएं करती है।

उनके भक्ति भाव के सम्मान के लिए उन पर पुष्पवर्षा भी की जाती रही है जो इस बार उत्तराखंड में भी हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं मेरठ जिले में पुरा महादेव से लेकर मुजफ्फरनगर तक हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की। आस्था के सम्मान के इन पुष्पों से वातवारवण सुगंधित और धर्ममय हो गया। एक हेलीकाप्टर से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा हुयी और दूसरे हेलीकाप्टर में बैठे मुख्यममंत्री योगी आदित्यनाथ हाथ हिलाकर शिवभक्तों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। यह नयनाभिराम दृश्य छद्म धर्म निरपेक्ष समूहों तथा असामाजिक तत्वों को रास नहीं आ रहा है। यही असामाजिक तत्व प्रदेश में अशांति का वातावरण पैदा कर समाज में नफरत की आग को बढ़ावा देने की साजिशें रच रहे हैं। सावन के पवित्र माह में उत्तर प्रदेश में हिंदू समाज को बदनाम करने तथा वातवारण को अशांत करने के लिए तथाकथित जिहादी व उपद्रवी तत्व नित नये प्रयोग कर रहे हैं। यह तो भगवान शिव की कृपा और प्रदेश पुलिस की चुस्ती का परिणाम है कि अभी तक कोई बड़ी वारदात नहीं हुयी है लेकिन बिजनौर से लेकर संभल तक जो घटनाएँ हो रही हैं वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण व चिंता का विषय हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से लेकर मेरठ और गोरखपुर तक जहां कुछ शरारती तत्त्व सार्वजनिक रूप से नमाज अदा कर माहौल



खराब करने का प्रयास कर रहे हैं वहीं बिजनौर से जो मामला प्रकाश में आया है वह बहुत ही गम्भीर है। समाचार है कि बिजनौर में भगवा रांग का साफा पहन कर दो भाईयों ने शेरकोट में बाबा जलाल शाह और गांव धांलियावाला में भूरेशाह की मजार में तोड़फोड़ करने की कोशिश की। दोनों आरोपियों की पहचान मोहम्मद कामिल और मोहम्मद आदिल के रूप में हुई है। दोनों से ही पूछताछ जारी है।

अभी तक की जाँच में पता चला है कि यह दोनों कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की पोशाक में तोड़फोड़ कर माहौल बिगाड़ना चाहते थे। इन आरोपियों के घर वालों का कहना है कि यह लोग मानसिक रूप से बीमार हैं लेकिन पता चल रहा है कि इन लोगों का अरब देशों से सम्बन्ध है यह दोनों ही अरब देशों की कई बार यात्रा कर चुके हैं। यह जानकारी सामने आने के बाद अब प्रदेश की सभी सुरक्षा और खुफिया एजेसियां और अधिक सतर्क हो गयी हैं तथा बिजनौर कांड की जांच को अब एनआईए की टीमें भी आ गयी हैं। यह तो भगवान शिव की कृपा रही कि यह षड्यंत्र समय रहते खुल गया नहीं तो यह लोग इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया से लेकर विदेशों तक भेज देते और पूरा हिंदू समाज बदनाम किया जाता। पूरी दुनिया में हिंदू आतंकवाद का तमाशा खड़ा किया जाता और कहा जाता कि भारत में अल्पसंख्यक खतरे में है। जगह-जगह सेकुलरवादी दलों के नेता धरना प्रदर्शन करने लग जाते और तथाकथित वामपंथी गैंग ट्वीट पर ट्वीट कर प्रदेश सरकार की छवि को खराब करने में जुट जाते। मुरादाबाद जिले में मुस्लिम महिलाओं ने बीच सड़क पर चारपाई लगाकर कांवड़ियों का रास्ता रोक दिया। काफी कहासुनी होने के बाद पुलिस अधिकारियों के हस्तक्षेप से मामला शांत हो पाया। सहारनपुर, हाथरस और संभल जिले में भी कांवड़ यात्रा पर मुस्लिम समाज की ओर से पत्थर फेंके गये जिसके कारण तनाव उत्पन्न हुआ। यह सभी वारदात उस समय हो रही हैं जब प्रदेश पुलिस सतर्क है। दूसरी तरफ कुछ शरारती तत्व सार्वजनिक स्थलों पर नमाज पढ़कर भी प्रदेश का वातावरण खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

लखनऊ के लुलु माल में नमाज पढ़ने के बाद मेरठ के भी एस2एस कांप्लेक्स में नमाज पढ़ी गई। मेरठ के मॉल के वीडियो के सोशल मीडिया में वायरल हो जाने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और बाद में विरोध स्वरूप हनुमान चालीस पढ़ने वाले तीन लोगों को हिरासत में ले लिया जबकि नमाज़ पढ़ने वालों की अभी तक पहचान व खोज जारी है। अभी कुछ दिन पहले ही गोरखपुर में आईएएस अधिकारी के घर के सामने एक मुस्लिम द्वारा नमाज पढ़ी गई जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में जारी किया गया। गोरखपुर की इस घटना का वीडियो तो एक राहगीर ने बनाया और वो वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। इस वीडियो के सामने आने के बाद एसपी सिटी ने कार्रवाई की बात कही है। राजधनी लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर भी नमाज पढ़े जाने का एक वीडियो वायरल हुआ है। समझ में नहीं आता कि प्रदेश में इतनी बहुतायत में मस्जिदों के बाद भी इधर उधर नमाज़ क्यों पढ़ी जा रही है? इसी प्रकार कुछ शरारती तत्व प्रदेश का वातावरण खराब करने के लिए धार्मिक स्थलों के सामने अपवित्र चीजें भी लगातार फेंक कर भाग रहे हैं। तात्पर्य यह है कि आजकल असामाजिक तत्व कई तरीकों से प्रदेश का वातावरण खराब करने के लिए पूरी तरह से सक्रिय हैं और इन्हें तथाकथित धर्म निरपेक्ष दलों के नेताओं का संरक्षण भी प्राप्त है। टीवी चैनलों की बहसों में सभी वामपंथी और सेकुलर दलों के प्रवक्ता इन घटनाओं की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार व प्रशासन पर मढ़कर अपराधी तत्वों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं और सभी घटनाओं के लिए परोक्ष रूप से योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व वाली सरकार व कांवड़ियों को ही जिम्मेदार बता रहे हैं। एक मुस्लिम स्कॉलर टीवी चैनल पर कांवड़ियों को दी जा रही सुविधाओं और उन पर की जा रही पुष्पवर्षा की कड़ी आलोचना कर रहा था और संविधान विरोधी बताकर योगी सरकार की छवि को खराब करने का प्रयास कर रहा था लेकिन जब पुराने मुख्यमंत्री रोजा इफ्तार करते थे तो इन्हें बड़ा आनंद आता था।

दरअसल इन झूठे धर्मनिरपेक्ष लोगों को लग रहा है कि यह कांवड़ यात्री भाजपा का वोट बैंक है जबकि वास्तविकता यह है कि यह सभी दल कांवड़ यात्रियों को हीनभवना से देखते थे और इनके लिये कभी किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं करते थे। यह प्रदेशवासियों के लिए बेहद संतोष की बात है कि आज प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार चल रही है अगर यह सरकार नहीं होती तो आज बिजनौर जैसी घटनाओं के लिए हिंदू समाज को ही बदनाम और प्रताड़ित किया जाता। अतः हिंदू समाज के लिए यह जागने का समय है ताकि कहीं कोई अनर्थ न हो।

# अल्पसंख्यक ' की परिभाषा नहीं होने के कारण बड़े स्तर पर इसका दुरुपयोग हो रहा है

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 30 (1) भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों को शिक्षण संस्थान का निर्माण करने और इसे संचालित करने का अधिकार देता है और संविधान का अनुच्छेद 30 (2) कहता है कि केंद्र और राज्य सरकार शिक्षण संस्थानों को मदद देते समय भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों द्वारा बनाए गए शिक्षण संस्थान के साथ कोई भेदभाव नहीं करेगी। लेकिन प्रश्न यह है कि भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक कौन हैं? विश्व में 6000 से ज्यादा भाषाएं बोली जाती हैं तो क्या भारत सरकार 6000 भाषाई अल्पसंख्यक घोषित कर सकती है? इसी प्रकार विश्व में 1000 से ज्यादा मत पंथ संप्रदाय हैं तो क्या भारत सरकार विश्व के सभी संप्रदायों को धार्मिक अल्पसंख्यक का दर्जा दे सकती है? और सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि अल्पसंख्यकों को प्राइमरी स्कूल



खोलने का अधिकार मिलना चाहिए या इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, लॉ कॉलेज और विश्वविद्यालय खोलने का अधिकार भी मिलना चाहिए? भारतीय संविधान भारतीयों के लिए बना है न कि विदेशियों के लिए और भारतीय संविधान भारतीय भाषा, भारतीय रीति-रिवाज, भारतीय प्रथा, भारतीय वेशभूषा, भारतीय संस्कार, भारतीय संस्कृति, भारतीय शैली, भारतीय परंपरा और भारतीय संप्रदाय को संरक्षित करने का अधिकार देता है न कि विदेशी भाषा, विदेशी रीति-रिवाज, विदेशी प्रथा, विदेशी वेशभूषा, विदेशी संस्कार, विदेशी संस्कृति, विदेशी शैली, विदेशी परंपरा और विदेशी मजहब को। आर्टिकल 30 में भाषा और संप्रदाय आधारित अल्पसंख्यक का जिक्र है लेकिन वह विदेशी भाषा और विदेशी संप्रदाय के लिए नहीं बल्कि भारतीय भाषा और भारतीय संप्रदाय को संरक्षित करने के लिए है अर्थात उत्तर प्रदेश में तमिल, मलयालम, बंगाली, गुजराती, असमी, मराठी बोलने वालों को भाषाई अल्पसंख्यक का दर्जा मिल सकता है लेकिन फ्रेंच, जर्मन, जापानी या चाइनीज बोलने वालों को नहीं। यही पैमाना संप्रदाय आधारित अल्पसंख्यक पर भी लागू होता है अर्थात जैन, बौद्ध, सिख, आर्य समाज जैसे भारत में शुरू हुए पंथ मानने वालों को आर्टिकल 30 के अंतर्गत धार्मिक अल्पसंख्यक का दर्जा मिल सकता है लेकिन यहूदी, पारसी, ईसाई, बहाई और इस्लाम जैसे विदेशी मत पंथ संप्रदाय मानने वालों को अल्पसंख्यक दर्जा नहीं मिल सकता है। संविधान दो शब्दों सम और विधान से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है समान विधान, जबकि कॉन्स्टिट्यूशन का अर्थ है विधान।

## अखिलेश की रणनीतियां आगे भी ऐसे ही विफल होती रहीं तो कोई सहयोगी साथ नहीं बचेगा

**समाजवादी** पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का खराब समय बदलने का नाम नहीं ले रहा है। अभी समाजवादी पार्टी का लोकसभा की दो सीटों के लिए उप-चुनाव में मिली हार का जख्म सूखा भी नहीं था और एक बार फिर राष्टपति चुनाव ने अखिलेश यादव के जख्मों को दोबारा से कुरेद दिया है। सपा प्रमुख राष्टपति चुनाव में जिस विपक्षी एकजुटता की बात कर रहे थे, वह पूरी तरह से तार-तार हो गई। सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव व सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की खुली बगावत राष्टपति चुनाव में भी देखने को मिली। राष्टपति चुनाव के परिणामों ने यह बात साफ कर दी है कि सपा गठबंधन में शिवपाल यादव और ओम प्रकाश राजभर के अलावा कुछ और भितरघाती भी मौजूद हैं। राष्टपति चुनाव में राजग प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को उत्तर प्रदेश से 282 वोट से बढ़कर 287 वोट मिले जो चौंकाने वाली बात थी। यूपी से विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के 119 तय माने जा रहे वोटों में आठ मतों की सेंध सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की सियासी दूरदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहे हैं। अखिलेश चुनावी जंग में तो पिछड़ ही रहे हैं, सियासी मोर्चे पर भी वह सलीके से अपनी गोटें नहीं बिछा पा रहे हैं, इसी वजह से उनके



सहयोगी एक-एक कर दूर होते जा रहे हैं। पहले महान दल ने साथ छोड़ा, अब ओम प्रकाश राजभर मुसीबत खड़ी कर रहे हैं। चाचा शिवपाल यादव तो शुरू से ही भतीजे की मुखालफत करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। गौरतलब है कि राष्टपति चुनाव में उत्तर प्रदेश की 403 सीटों वाली विधानसभा के विधायकों के मतों का मूल्य सबसे अधिक 208 था। इसलिए इस राज्य के मतों पर राष्टीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्ष, दोनों की नजर थी। शुरुआत में माना जा रहा था कि राजग प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को भाजपा गठबंधन के 273 विधायकों का वोट मिल जाएगा, जबकि विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के लिए सपा गठबंधन के 125 सहित कांग्रेस के दो मिलाकर 127 विधायकों के वोट का आंकड़ा था।

# युवक की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों ने किया चक्काजाम

**गैरतगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 गैरतपुर क्षेत्र में बुधवार को सुबह नई कालोनी निवासी नीलेश अहिरवार आत्मज सुम्मीलाल उम्र 24 वर्ष की शव सड़क किनारे संदिग्ध हालात में मिले। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश की शिनाख्त कराई। परिजनों को सूचना दी। मृतक नीलेश स्वास्थ्य खराब होने से दिन में सरकारी अस्पताल इलाज कराने गया था। मंगलवार रात से गायब था। परिजनों ने इसकी सूचना भी पुलिस को दी थी। सूचना मिलने के बाद नगर में हंगामे के हालात बन गए। बड़ी संख्या में लोग पुलिस थाने पहुंच गए। शव पीएम के लिए भेजने के बाद परिजनों अस्पताल के द्वार के सामने सड़क मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। डेढ़ घंटे तक चक्काजाम चला। मौके पर एसडीएम रवीश श्रीवास्तव,



एसडीओपी सुनील वरकड़े, तहसीलदार मोतीलाल अहिरवार, गैरतगंज टीआई इंद्राजसिंह एवं बेगमगंज टीआई राजपालसिंह जादौन सहित भारी मात्रा में पुलिस बल पहुंच गया। नीलेश के परिजनों ने प्रदर्शन के दौरान हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। परिजनों की मांग थी कि स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी को मौके पर बुलाया जाए। अधिकारियों ने 24 घंटे में कार्रवाई का आश्वासन दिया। उसके बाद चक्काजाम समाप्त हो गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

## हत्या का संदेह

नीलेश का परिवार मूलतः गैरतगंज नगर के नई कालोनी इलाके का रहवासी है। उसका तीन माह पहले ही विवाह हुआ था। वह रायसेन में किसी व्यापारी के यहां काम करता था। मंगलवार को अपने घर वापस आया था। देर रात उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता सुम्मीलाल को संदेह है कि उनके पुत्र की हत्या हुई है। पुलिस हत्यारों का पता लगाकर कड़ी कार्रवाई करे। मृतक नीलेश के मामले में पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही निष्कर्ष पर पहुंचकर समुचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शासन के नियमानुसार सहायता भी दी जाएगी

# न्याय कमजोर हुआ तो लोगों का विश्वास उठ जाएगा- डीजे

**बेगमगंज।** समाज का कमजोर तबका न्याय की उम्मीद में हमारे पास आता है। यदि उसे राहत नहीं मिली तो वो टूट जाएगा। न्याय अगर कमजोर हो गया तो न्याय पर से लोगों का विश्वास उठ जाएगा। जो देश और समाज के लिए घातक होगा। इसलिए हमें न्याय करना चाहिए। किसी के साथ अन्याय ना हो। यह बात प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश ओंकार नाथ गुप्ता ने अभिभाषक संघ द्वारा रखे गए अपने विदाई समारोह में जिले भर के न्यायाधीशों एवं सैकड़ों अभिवक्ताओं की मौजूदगी में कही। डीजे गुप्ता ने कहाकि न्यायाधीश एक महत्वपूर्ण कड़ी है। जहां जो रहे वो वहीं न्याय करें, निचली अदालतें हो या ऊपर की अदालतें हो। मुकदमों में हम रिकॉर्ड से बाहर ना जाए। पीड़ित पक्ष के साथ इंसाफ करना हमारा कर्तव्य ही नहीं धर्म भी है। जिला कोर्ट में आप ज्यादा न्याय कर सकते हैं। गरीब और कमजोर मदद के लिए आपके पास आएगा। उसे जितनी जल्दी न्याय मिलेगा उतनी ही उसे मदद मिलेगी। जिस दिन गरीबों को न्याय की व्यवस्था खत्म हो जाएगी। उस दिन न्याय व्यवस्था भंग हो जाएगी। गरीबों को हर हाल में सस्ता और सुलभ न्याय मिलना चाहिए। उनकी दुआएं आपके और आपके बच्चों के काम आएगी। काम निरन्तर जारी रहना चाहिए ए वरन समाज में अराजकता आ जाएगी जिससे निश्चित ही हम



और आप भी प्रभावित होंगे। हम चाहते हैं कि हमारी संस्था उतनी ही सुदृढ़ रहे जितनी पहले थी ए अगर यह कमजोर हो जाएगी तो आरजकता बढ़ जाएगी। प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश गुप्ता ने अपने न्यायायिक जीवनकाल के अनुभव एवं कानूनी ज्ञान को भी साझा किया। अपर सत्र न्यायाधीश विवेक शिवहरे ने प्रधान न्यायाधीश गुप्ता के सानिध्य में बहुत कुछ सीखने के साथ समाज के कमजोर तबके को जल्दी न्याय देने की बात आत्मसात करने की बात कही। अपर सत्र न्यायाधीश केएस साक्य ने प्रधान न्यायाधीश गुप्ता के प्रशक्त मार्गदर्शन में न्याय के क्षेत्र में तेजी से काम सीखने का बेहतर मौका मिलने और विधिक साक्षरता में अच्छी उपलब्धि व लोक अदालत में प्रकरणों के निपटने में प्रदेश में जिले के अव्वल आने की बात कही।

# बीटेक छात्र की मौत के मामले में आईजी व डीआईजी ने किया निरीक्षण

**मंडीदीप।** तीन दिन पहले औबेदुल्लागंज- बरखेड़ा के बीच बिनेका बोरदा के पास रेलवे ट्रैक पर बीटेक छात्र निशांक राठौर शव दो हिस्से में कटा मिला मिला था। पास में मृतक का मोबाइल मिला था। जिससे उसकी पहचान हुई थी। मृतक के मोबाइल पर मिले एक संदेश ने मामले को काफी गंभीर बना दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने एसआईटी (स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम) गठित की है। आईजी होशंगाबाद रेंज दीपिका सूरी, डीआईजी जगत सिंह राजपूत बुधवार को वारदात स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। दोनों पुलिस अधिकारियों ने मंडीदीप के औद्योगिक थाने पहुंचकर इस मामले पर जिले के पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। आईजी सूरी ने मीडिया को बताया कि इस पूरे मामले में अभी तक की जांच में कोई भी संदिग्ध चीज नजर नहीं आई है। डाक्टरों के दल ने पीएम किया है। उसमें ट्रेन से कटकर मौत होना पाया गया। डीआईजी राजपूत ने नवदुनिया को बताया कि मामले को मृतक के एक संदेश ने गंभीर बना दिया था। यह घटना से काफी पहले उसने किया था, जिसे किया उससे भी जानकारी ली गई। सूत्र बताते हैं कि अब तक पुलिस ने दो दर्जन लोगों से पूछताछ की है। जिसमें मृतक के दोस्त और उसकी युवती मित्र से भी एसआईटी ने पूछताछ की है। मृतक की दो युवतियां मित्र और इंदौर के कुछ दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है। एसआईटी प्राभारी एएसपी अमृत मीणा ने बताया की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है फिर भी हम पूरी बारीकी से जांच कर रहे हैं।

# छह वर्ष के मासूम को तीन घंटे दुकान में बंद रखा

**रायसेन।** शहर में चोरी के संदेह में नपा कार्यालय के पास मोबाइल दुकानदार आरोपित शहाबुद्दीन ने छह वर्ष के मासूम को अपनी दुकान में तीन घंटे बंद करके रखा। घटना बुधवार शाम की है। दुकान के पास कुछ व्यापारियों को बच्चे की रोने की आवाज आई तो उन्होंने अन्य साथी व्यापारियों को एकत्र करके मोबाइल दुकान का शटर उठाया तो उसमें बालक रोता हुआ मिला। उन्होंने इस बात की सूचना तत्काल पुलिस को दी। थाना कोतवाली व यातायात पुलिस बच्चे को वाहन में बैठाकर थाने ले गई। मोबाइल दुकानदार को भी थाने बुलाया गया। जहां दुकानदार ने अपनी गलती को स्वीकार किया है। बच्चे को दुकान के अंदर बंद करके दुकानदार शटर लगाकर चला गया था। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और मोबाइल दुकानदार को जमकर फटकार लगाई। टीआई आशीष सप्रे ने बताया कि दुकानदार शहाबुद्दीन के खिलाफ धारा 342 के तहत मामला दर्ज किया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक

**रायसेन।** जिला कौशल समिति की बैठक कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर दुबे द्वारा संकल्प योजना के तहत वर्ष 2022-23 के लिए कौशन विकास प्लानए जिले में संचालित शासकीय आईटीआई में शत-प्रतिशत प्रवेश पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों, अप्रेंटिशिप मेलों में विभिन्ना कम्पनियों की सहभागिता सुनिश्चित कराते हुए अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश दिए।

# जिला न्यायालय परिसर में किया टीकाकरण

**रायसेन।** जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर में प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओंकार नाथ के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें टीकाकरण दल द्वारा जिला मुख्यालय में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, जिला अधिवक्ता संघ रायसेन के अधिवक्ताओं, विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी, पैनल लॉयर, पैरालीगल वॉलेंटियर्स और उनके परिवारजन को कोविड वैक्सीन का बूस्टर डोज लगाया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव संगीता यादव ने उपस्थित जनों को कोविड 19 संबंधी जानकारियां प्रदान करते हुए बूस्टर डोज लगवाने तथा कोरोना बीमारी के समय पर उपचार के फायदे के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों का टीकाकरण किया गया।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से राज्य स्तरीय पुरस्कार के आवेदन आमंत्रित

**रायसेन।** प्रदेश के शासकीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उत्तम कार्य के लिए स्थापित स्वर्गीय देवी प्रसाद शर्मा पुरस्कार देने के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार योजना 2017 के अंतर्गत निर्धारित अर्हता की पूर्ति किए जाने पर राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए इच्छुक चतुर्थ श्रेणी के शासकीय कर्मचारियों के आवेदन पत्र चाहे गए हैं। योजना का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों जो उत्कृष्ठ कार्य कर रहे हैंए उन्हें प्रोत्साहित करना है। कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे ने जिले में पुरस्कार योजना 2022 के क्रियान्वयन के लिए डिप्टी कलेक्टर संघमित्रा बौद्ध को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# सावन में रुद्राभिषेक करने से मिलती है कष्टों से मुक्ति

**बेगमगंज।** ग्राम मढ़िया गुसाईं में यादव परिवार के घर चल रहे त्रिदिवसीय पार्थिवेश्वर पूजन के द्वितीय दिवस भगवान शिव की दिव्य एवं सुंदर मिट्टी की प्रतिमा बनाई गई एवं रुद्री ओं का निर्माण किया गया और विधि विधान से पार्थिवेश्वर भगवान की पूजन की गई जिसमें ग्राम के बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने भाग लिया पंडित कमलेश कृष्ण शास्त्री ने बताया हिंदू धर्म में सावन का महीना भगवान भोलेनाथ को बेहद प्रिय माना जाता है। मान्यता है कि सावन के महीने में जो भक्त विधि.विधान से पूजा.अर्चना तथा रुद्राभिषेक करता है। भगवान भोलेनाथ उस पर अपनी खास कृपा बरसाते हैं और उसके सभी मनोरथ पूर्ण करते हैं। सावन के महीनों में शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रहती है। ऐसे में आप घर पर भी रुद्राभिषेक करके शुभ फल प्राप्त कर सकते हैं।



















# 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' ने रातों-रात बनाया था हुमा को स्टार, एक विज्ञापन ने बदली थी जिंदगी



**बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने अपने अभिनय के बल पर इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। 28 जुलाई को दिल्ली में जन्मी हुमा आज अपना 36वां जन्मदिन मना रही हैं। हुमा ने अनुराग कश्यप की फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से बॉलीवुड में कदम रखा था और अभी तक कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर चुकी हैं।**

तो चलिए आज अभिनेत्री के जन्मदिन के मौके पर उनसे जुड़ी कुछ बातें आपको बताते हैं। हुमा कुरैशी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के गार्गी कॉलेज से इतिहास में बैचलर किया है। इसके साथ ही वह थियेटर ग्रुप से भी जुड़ी हुई थीं। हुमा के पिता एक रेस्टोरेंट के मालिक हैं और उनके भाई साकिब सलीम अभिनेता हैं। हुमा ने जब अपनी पढ़ाई पूरी की तो उन्होंने एक्टिंग करने का फैसला किया और 2008 में मुंबई आ गई। मुंबई आने के बाद हुमा ने कई फिल्मों के लिए ऑडिशन दिए,लेकिन सफल नहीं हुईं। अपने दोस्त के कहने पर हुमा ने जंक्शन फिल्म के लिए ऑडिशन दिया और वह सिलेक्ट भी हो गईं, लेकिन यह फिल्म कभी बन ही नहीं पाई। इसके बाद हुमा कई विज्ञापनों में नजर आईं। हुमा ने आमिर खान और शाहरुख खान के साथ भी विज्ञापन किए थे। और इसी सबके बीच एक फोन के विज्ञापन ने हुमा की जिंदगी बदल दी और उन्हें अनुराग कश्यप ने स्पॉट कर लिया। इसके बाद अनुराग ने हुमा को फिल्म में लेने का फैसला किया और हुमा को तीन फिल्मों के लिए साइन कर लिया। ऐसे हुमा को अपनी पहली फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर मिली। इस फिल्म में हुमा ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी की गर्लफ्रेंड की भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनका किरदार भले ही ज्यादा बड़ा नहीं था, लेकिन अपने अभिनय से उन्होंने दर्शकों के दिलों में अपनी छाप छोड़ दी और रातों-रात स्टार बन गईं। हुमा कुरैशी अब तक के अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्मों का हिस्सा रही हैं। हुमा ने डी-डे, डेढ़ इश्किया, जॉली एलएलबी 2, काला, एक थी डायन जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया हैं। उनकी वेब सीरीज महारानी भी लोगों को काफी पसंद आई, जिसका दूसरा सीजन भी आने वाला है। वहीं, हुमा की पर्सनल लाइफ की बात करें तो हुमा का नाम अनुराग कश्यप के साथ जोड़ा गया था। कहा जाता था हुमा की वजह से ही अनुराग और कल्कि के रिश्ते में दरार आई। इसके अलावा अर्जन बजवा और डायरेक्टर मुदस्सर अजीज के साथ भी हुमा का नाम जोड़ा गया। हालांकि अभिनेत्री ने कभी भी खुलकर अपने रिश्तों को लेकर बात नहीं की।



# भारत में एक दिन पहले रिलीज होगी बुलेट ट्रेन, तीन साल बाद बड़े पर्दे पर नजर आएंगे ब्रैड पिट




हॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में शुमार ब्रैड पिट किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। सुपरस्टार ब्रैड पिट हॉलीवुड के उन अभिनेताओं में से एक हैं, जिनकी ख्याति देश-विदेश में फैली हुई है। पिट ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्मों मे काम करके अपने फैंस का मनोरंजन किया है। ब्रैड पिट एक बार फिर अपने फैंस का मनोरंजन करने के लिए तीन साल बाद बड़े पर्दे पर फिल्म बुलेट ट्रेन से वापसी कर रहे हैं। उनकी वापसी में एक ट्विस्ट है, जिससे उनके सभी फैंस बहुत खुश हो जाएंगे। जी हां, थॉर लव एंड थंडर% की नीति को अपनाते हुए बुलेट ट्रेन के मेकर्स ने फिल्म को भारत में यूएस से एक दिन पहले रिलीज करने का एलान कर दिया है।

## भारत में एक दिन पहले रिलीज होगी फिल्म

भारत में हॉलीवुड फिल्मों के बढ़ती पॉपुलैरिटी और पिछली फिल्म थॉर लव एंड थंडर को मिली सफलता को देखते हुए बुलेट ट्रेन के मेकर्स ने भी इसे अमेरिका से एक दिन पहले रिलीज करने की घोषणा कर दी है। यह बहुप्रतीक्षित एक्शन-कॉमेडी फिल्म अमेरिका से एक दिन पहले यानी 4 अगस्त, 2022 को भारत के सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म भारत में इंग्लिश, हिंदी, तमिल और तेलुगू चार भाषाओं में रिलीज की जाएगी। फिल्म को भारत में प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया ने ली है।


## उपन्यास पर आधारित है फिल्म

ब्रैड पिट की फिल्म बुलेट ट्रेन के निर्देशन की कमान डेडपूल 2 और हॉब्स एंड शॉ जैसी फिल्मों का निर्देशन करने के लिए पहचाने जाने वाले निर्देशक डेविड लीच के हाथ में हैं। यह एक्शन कॉमेडी फिल्म लेखक कोटारो इसाका के जापानी उपन्यास मारिया बीटल पर आधारित है। इस फिल्म में पिट एक अनुभवी हत्यारे, लेडीबग का किरदार निभा रहे हैं। वह अपना यह आपराधिक जीवन छोड़ना चाहता है, लेकिन टोक्यो से क्योटो जाने वाली बुलेट ट्रेन पर एक ब्रीफकेस इकट्ठा करने के लिए अपने हैंडलर मारिया बीटल द्वारा इस पेशे में द्वारा वापस खींच लिया जाता है।

# अपनी सी लगेंगी पति-पत्नी के रिश्तों पर आधारित ये वेब सीरीज

***सिनेमा के शौकीनों के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म एक शानदार माध्यम बनकर उभरा है। यहां हर तरह के कंटेंट की भरमार है। दर्शकों को यहां एक्शन की डोज मिलेगी तो कॉमेडी का भी भरपूर मजा है। रोमांटिक फिल्मों की भी भरमार है और सामाजिक संदेश देतीं फिल्में और वेब सीरीज भी यहां देखने को मिलेंगी।***

इसके साथ-साथ फैमिली ड्रामा सीरीज की भी यहां कमी नहीं है। अगर आप खासौतर से पति-पत्नी के रिलेशनशिप पर आधारित कंटेंट की तलाश में हैं तो ओटीटी पर आपकी तलाश पूरी होगी, इस बात की पूरी गारंटी है। इन सीरीज में दिखाई गई कहांनियों से आप खुद को कनेक्ट कर सकेंगे। भारतीय शादीशुदा जोड़ों की प्यार और तकरार से भरी जिंदगी को ये बखूबी दर्शाती हैं। कौन-सी हैं ऐसी वेब सीरीज, आइए जानते हैं... यह वेब सीरीज एक गुजराती व्यवसायी अनुज मेहता (शरमन जोशी) और मराठी युवती गौरवी (आशा नेगी) की शादीशुदा जिंदगी पर आधारित है। इसमें दिखाया गया है कि कपल की अरेंज मैरिज होती है। फिर, जिंदगी के उतार-चढ़ाव के बीच उनका रिश्ता मजबूत बनता जाता है। दो अलग-अलग व्यक्तित्वों में साथ रहते हुए आपसी समझ मजबूत होती है, प्यार और गहरा होता है। वे हर मुश्किल में एक-दूसरे का साथ निभाते हैं। यह कहानी आम भारतीय शादीशुदा जोड़ों से मिलती-जुलती है। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं। इस शो के नाम की तरह ही इसकी कहानी भी काफी दिलचस्प है। इस शो में जितेंद्र कुमार और आकांक्षा ठाकुर ने मुख्य किरदार अदा किया है। शो में दोनों ने एक ऐसे कपल की भूमिका निभाई है, जो चीजकेक नाम के एक कुत्ते को बचाने जाते हैं और इसी से उनकी जिंदगी बदल जाती है। चीजकेक उनकी जिंदगी में खोए हुए प्यार को वापस ले आता है और उनकी शादी को बचाता है। इसे आप एमएक्स प्लेयर पर देख सकते हैं। इस सीरीज में अंकुश बहुगुणा और अपूर्वा अरोड़ा ने एक शादीशुदा कपल की भूमिका निभाई है। इस सीरीज में इन दोनों को संकल्प और भावना के किरदार में देखा जा सकता है। संकल्प की भूमिका में अंकुश बहुगुणा ने एक सपोर्टिव पति का किरदार निभाया है। हालांकि, कभी-कभी भावना के काम से संकल्प कुछ परेशान जरूर होता है। इसके बाद इन दोनों के बीच जो नोंकझोक और तकरार दिखाई गई है वह बहुत प्यारी है। यह सीरीज भारतीय परिवारों की तस्वीर पेश करती है। इसे आप फ्री में अमेजन प्राइम के मिनी टीवी पर देख सकते हैं।










# 90 के दशक की टॉप अभिनेत्रियों में से एक थीं आयशा

एक्ट्रेस आयशा जुल्का हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री रह चुकी हैं। वह हर साल 28 जुलाई को अपना जन्मदिन मनाती हैं। बॉलीवुड में वह कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकी हैं। फिल्म कुर्बान से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा और इसके बाद वह सफलता की सीढ़ियां चढ़ती चली गईं। आयशा जो जीता वही सिकंदर में आमिर और खिलाड़ी में अक्षय कुमार जैसे स्टार के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर चुकी हैं। 90 के दशक में हर बड़ा डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में कास्ट करना चाहता था। 90 के दशक की अगर खूबसूरत अभिनेत्रियों की लिस्ट बने तो उसमें आयशा का नाम जरूर शामिल किया जाएगा। वह उस दशक की सबसे व्यस्त कलाकारों में से एक थीं। वह साल में चार से पांच फिल्में किया करती थीं। इसके अलावा वह उस समय की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से भी एक थीं। हालांकि कुछ समय बाद एक जैसे रोल मिलने की वजह से वह काफी सोच-विचार कर फिल्में कम करने लगीं। इस दौरान उन्हें टीवी से ऑफर्स आए लेकिन एक्ट्रेस उन्हें रिजेक्ट कर दिया। यही वजह थी कि उनके करियर का ग्राफ धीरे-धीरे नीचे आना शुरू हो गया।

## इन अभिनेताओं के साथ जुड़ चुका है नाम

फिल्मों के अलावा उनकी निजी जिंदगी भी काफी सुर्खियों में रही। उस समय कई कोस्टार्स के साथ उनके नाम को जोड़ा गया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म खिलाड़ी के दौरान अक्षय और आयशा काफी करीब आ गए थे। लेकिन यह रिलेशनशिप ज्यादा दिनों तक नहीं चल सका। इसके बाद उनका नाम नाना पाटेकर के साथ भी जुड़ा। बता दें कि आयशा नाना से 22 साल छोटी हैं।

## आज कल कहां हैं आयशा?

हिंदी फिल्मों के अलावा आयशा ने उड़िया, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम किया है। साल 2003 में आयशा ने बिजनेसमैन समीर वासी से शादी कर ली थी। इन दिनों वो अपने पति के साथ मिलकर बिजनेस संभाल रही हैं। वह पति की कंस्ट्रक्शन कंपनी और स्पा अनंता चलाती हैं। आयशा दिखने में पहले से काफी बदल चुकी हैं, लेकिन 50 की उम्र में वह अभी भी काफी खूबसूरत नजर आती हैं।

# टैक्स आय सीमा से कम, तो भी आईटीआर जरूरी

## सालाना 2.5 लाख रुपये पर नहीं लगता है आयकर




*नई दिल्ली। अगर आपकी सालाना आय टैक्स के दायरे में नहीं आती है, तो भी आपको कुछ मामलों में आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरना जरूरी होगा। आम लोगों के साथ वरिष्ठ नागरिकों पर भी यह नया नियम लागू होता है। सीए अजय कुमार सिंह कहते हैं कि किसी व्यक्ति के लिए तभी आईटीआर भरना जरूरी होता है, जब उसकी सालाना आय 2.5 लाख रुपये से ज्यादा होती है। इससे नीचे की आय पर कोई टैक्स नहीं लगता है। लेकिन कुछ मामलों में ऐसा नहीं होता है।*

**60-80 वर्ष की उम्र के लिए तीन लाख की सीमा**

*60 साल तक की उम्र वालों के लिए आम व्यक्ति की तरह ही 2.5 लाख की सीमा है। उससे ऊपर और 80 साल से कम वालों के लिए यह सीमा 3 लाख है। 80 साल से ऊपर वालों के लिए यह सीमा 5 लाख रुपये है।*

**60 लाख के कारोबार पर आईटीआर जरूरी**

*अप्रैल, 2022 में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर की धाराओं में सुधार किया था। सालाना ढाई लाख की कमाई न भी हो तो भी आपको आईटीआर भरना होगा। इसके अनुसार, अगर आपका कारोबार साल में 60 लाख रुपये है तो आईटीआर भरना जरूरी होगा।*

**पेशेवर आय 10 लाख से ज्यादा तो आईटीआर जरूरी**

*अगर किसी व्यक्ति को साल में उसके पेशे से 10 लाख रुपये का राजस्व आता है तो उसे आईटीआर भरना जरूरी है। इसी तरह से 25,000 से ज्यादा का अगर टीडीएस या टीसीएस होता है तो भी आईटीआर भरना जरूरी है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह सीमा 50,000 रुपये है।*

**खाते में 50 लाख के जमा पर आईटीआर भरना होगा**

*नियम के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति एक साल में एक बचत खाते या कई खाते में 50 लाख रुपये जमा करता है तो उसे भी आईटीआर भरना जरूरी है। चालू खाता में यह सीमा एक करोड़ रुपये की है।*

**फॉर्म-1**

*अगर आप नौकरीपेशा हैं और वित्त वर्ष 2021-22 में आपकी कुल कमाई 50 लाख रुपये तक थी तो रिटर्न भरने के लिए आईटीआर-1 फॉर्म भरना होगा। अगर आपको बैंक जमा से ब्याज मिलता है, मकान के किराये के रूप में कमाई होती है और कृषि आय 5,000 रुपये है तो भी यही फॉर्म भरना होगा।*

**फॉर्म-2**

*कमाई 50 लाख रुपये से ज्यादा है और वेतन के अलावा अन्य दूसरे स्रोतों से कमाई होती है तो आईटीआर-2 फॉर्म भरना होगा। दूसरे स्रोतों में कैपिटल गेन्स से आय, एक से ज्यादा आवासीय संपत्ति से कमाई, विदेशी आय, विदेशी संपत्ति. कंपनी में निदेशक बनने पर होने वाली कमाई और गैर-सूचीबद्ध शेयरों से होने वाली कमाई आती है।*

**फॉर्म-3**

*यह उनके लिए है, जो आईटीआर-2 फॉर्म के लिए तय स्रोतों से कमाई करने के साथ किसी बिजनेस या प्रोफेशन से आय हासिल करते हैं। किसी फर्म में पार्टनर हैं तो भी इसी फॉर्म का इस्तेमाल करना होगा।*

**फॉर्म-4**

*यह फर्म आवासीय इंडिविजुअल्स, हिंदू अविभाजित परिवार, फर्मों (एलएलपी को छोड़कर) के लिए है, जिनकी कुल आय 50 लाख रुपये तक है और बिजनेस एवं प्रोफेशन से भी कमाई होती है। अगर आपको केंद्र या राज्य सरकार से पेंशन मिलती है तो इसकी जानकारी भी आईटीआर-3 फॉर्म में देनी होगी।*

**फॉर्म-7**

*आईटीआर दाखिल करने के लिए यह फॉर्म कंपनियों के साथ उन करदाताओं के लिए है, जो चैरिटेबल या धार्मिक ट्रस्ट, राजनीतिक दल, रिसर्च एसोसिएशन, न्यूज एजेंसी या इसी तरह के कोई संगठन हैं।*

**नहीं बढ़ेगी तारीख, देरी पर भरना होगा जुर्माना**

*राजस्व सचिव का कहना है कि इस बार आईटीआर भरने की 31 जुलाई की अंतिम तारीख आगे नहीं बढ़ेगी। इसलिए आयकरदाता रिटर्न भरने में सुस्ती न दिखाएं और आखिरी दिन का इंतजार न करें।*

## बॉन्ड यील्ड बढ़ने से बैंकों को 13000 करोड़ का नुकसान, जानें कहां पड़ सकता है असर




नई दिल्ली। बॉन्ड प्रतिफल (यील्ड) बढ़ने से बैंकों को अप्रैल-जून तिमाही में अपने निवेश पर मौजूदा बाजार मूल्य के हिसाब से 13,000 करोड़ रुपये का नुकसान (मार्क टू मार्केट) हो सकता है। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा कि 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही में लाभ कुछ नरम होगा। लेकिन, कर्ज में अच्छी वृद्धि और परिचालन लाभ से बैंकों का मुनाफा 2022-23 में लगातार बने रहने की उम्मीद है। बैंकों के कर्ज में 2022-23 में 10.1 से 11 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो में सरकारी प्रतिभूतियां अधिक हैं। खासकर वे प्रतिभूतियां ज्यादा हैं, जो लंबी अवधि की हैं। बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से लाभ के नजरिये से चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बॉन्ड पोर्टफोलियो पर 8,000 से 10,000 करोड़ का नुकसान हो सकता है। निजी क्षेत्र के बैंकों को 2,400 से 3,000 करोड़ की चपत लग सकती है।

### ...तो लाभ पर पड़ सकता है असर

इक्रा के उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा, नुकसान के बावजूद 2022-23 में परिचालन लाभ 11-12 फीसदी बढ़ने की संभावना को देखते हुए हमारा अनुमान है कि बैंकों का मुनाफा बना रहेगा। मुख्य परिचालन लाभ बढ़ने से 'मार्क टू मार्केट' नुकसान का असर कम होगा।

### ब्याज दर बढ़ने से कर्ज मांग पर पड़ेगा असर

बैंकों के लिए कर्ज वृद्धि 2022-23 की पहली तिमाही में सकारात्मक बनी हुई है। यह वृद्धि कर्ज के सभी मोर्चों पर है। इक्रा ने कहा कि ब्याज दर बढ़ने से आने वाले समय में कर्ज की मांग पर असर पड़ने की आशंका है।

## डीजीसीए को उम्मीद- जल्द खत्म होगा इंडिगो-गो फर्स्ट के इंजीनियरों का सिक लीव




**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने बुधवार को कहा है कि इंडिगो और गो फर्स्ट में विमान मेंटेनेंस इंजीनियर अपने कम वेतन के विरोध में सिक लीव पर बने हुए हैं, उम्मीद है कि स्थिति में जल्द ही सुधार होगा। हलांकि डीजीसीए ने यह भी कहा है कि इस अवधि के दौरान इन एयरलाइनों का उड़ान संचालन अब तक सामान्य रूप से हो रहा है। डीजीसीए ने एक बयान जारी कर कहा है कि हम पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। अब विमानों का परिचालन सामान्य तरीके से हो रहा है। हमें उम्मीद है कि जो भी समस्याएं हैं उन्हें जल्द ही दूर कर लिया जाएगा। उधर दूसरी ओर, बड़े पैमाने पर सिक लीव पर जाने वाले अपने मेंटेनेंस इंजीनियरों के खिलाफ इंडिगो ने अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दिया है। आपको बता दें कि इंडिगो में पिछले छह दिनों में बड़े पैमाने पर इंजीनियर कम वेतन का विरोध करते हुए सिक लीव पर गए हैं। वहीं, गो फर्स्ट एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरों का (एएमटी) का एक महत्वपूर्ण वर्ग भी पिछले चार दिनों के दौरान अपने कम वेतन के विरोध में बीमारी के बहाने छुट्टी पर है। आपको बता दें कि नागर विमान सेवा से जुड़ी कंपनी इंडिगो ने कोरोना महामारी के दौरान नकद बचाने के लिए बड़े पैमाने पर अपने कर्मचारियों की सैलरी में कटौती कर दी थी। बीते दो जुलाई को कपंनी के घरेलु विमान सेवा की कम से 55 प्रतिशत फ्लाइट्स केबिन क्रू मेंबर्स के छुट्टियों पर चले जाने के कारण देर हो गईं थीं। कुछ लोगों का मानना है कि केबिन क्रू मेंबर्स एयर इंडिया की बहाली प्रक्रिया में हिस्सा लेने गए थे। ट्रांसजेंडर को पायलट लाइसेंस नहीं देने के मामले में डीजीसीए ने दी सफाई देश के पहले ट्रांसजेंडर पायलट एडम हैरी की मेडिकल रिपोर्ट पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (छ्रत्रष्ट) ने स्पष्टीकरण जारी किया है। डीजीसीए की ओर से यह स्पष्टीकरण उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद आया है जिनके अनुसार हैरी को हार्मोन थेरेपी के कारण अनफिट घोषित किया गया और उन्हें स्टूडेंट पायलट का लाइसेंस नहीं दिया गया। अब इस बारे में डीजीसीए ने कहा है कि यह सच नहीं है। डीजीसीए ने इस मामले में स्पष्टीकरण जारी करते हुए बताया है कि हैरी को कभी भी लाइसेंस देने से इन्कार नहीं किया गया। लाइसेंस प्राप्त करने में ट्रांसजेंडर लोगों पर कोई प्रतिबंध नहीं है। बशर्ते कि संबंधित व्यक्ति विमान नियम, 1937 में निर्दिष्ट आयु, शैक्षिक योग्यता, चिकित्सा फिटनेस और अनुभव के प्रावधानों को सुनिश्चित करता हो। डीजीसीए की ओर से बातया गया है कि पायलट लाइसेंस हासिल करने के लिए आवेदक को पहले स्टूडेंट पायलट लाइसेंस हासिल करना होता है जिसे हैरी ने नहीं लिया है। राजीव गांधी एकेडमी फार एविएशन टेक्नोलाजी ने बताया है कि हैरी ने ग्राउंड क्लास में अपर्याप्त उपस्थिति दर्ज कराई है। जिसके चलते उसे स्टूडेंट पायलट लाइसेंस जारी नहीं किया गया है। हैरी को भारतीय वायु सेना के बोर्डिंग सेंटर से अपना मेडिकल फिटनेस फिर से कराना है। जिसको लेकर उन्हें सूचना दे दी गई है।

## बीओबी का कर्ज महंगा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र का सस्ता

*नई दिल्ली। बैंक ऑफ बड़ौदा ने कर्ज को 0.15 फीसदी तक महंगा कर दिया है। जबकि बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने दरों में 0.35 फीसदी की कटौती की है। नई ब्याज दर 11 जुलाई से लागू हो गई है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कहा, एक साल का एमसीएलआर 7.70 से घटकर 7.50 फीसदी होगा जबकि तीन महीने का एमसीएलआर 0.35 फीसदी घटकर 7.20 फीसदी होगा। एक महीने के कर्ज की दर 6.90 फीसदी होगी। बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा, 3 महीने और 6 महीने के एमसीएलआर की दर 7.35 से 7.45 फीसदी जबकि एक साल की दर 7.50 से 7.65 फीसदी हो जाएगी। नई दर 12 जुलाई से नए और पुराने दोनों ग्राहकों के लिए लागू होगी। उधर, यूनियन बैंक ने भी एमसीएलआर को 0.10 फीसदी बढ़ाकर 6.80 फीसदी कर दिया है। यह दर भी सोमवार से लागू हो गई है। मारुति सुजुकी ने सोमवार को कहा कि ग्राहक मिड साइज एसयूवी ग्रैंड विटारा की बुकिंग 11,000 रुपये से कर सकते हैं। यह क्रेटा, किया और हैरियर से टक्कर लेगी। इसे त्योहारी मौसम में लॉन्च किया जा सकता है। कंपनी ने हाल में एसयूवी ब्रेजा को 7.99 लाख से 13.96 लाख रुपये में लॉन्च किया था।*

## डिजिटल करेंसी बाजार में गिरावट, यूनीस्वैप ने जगीं उम्मीदें, तीन फीसदी उछला

**नई दिल्ली।** क्रिप्टोबजार के जानकारों के मुताबिक अगर बाजार में बुल्स सफल रहे तो आने वाले समय में बिटकॉइन 24000 डॉलर के स्तर को छू सकता है। बाजार के बड़े निवेशक यह मानकर चल रहे हैं कि यूएस फेड महंगाई पर काबू पाने में सफल होगा। इस कारण हाल के दिनों में बाजार का मूड बदला है। दुनियाभर के क्रिप्टोकरेंसी बाजार में सोमवार को गिरावट दिख रही है। इस दौरान दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइनमें एक फीसदी तक की गिरावट आई। बिटकॉइन फिलहाल 22151 डॉलर पर कारोबार कर रहा है। क्रिप्टोबजार के जानकारों के मुताबिक अगर बाजार में बुल्स सफल रहे तो आने वाले समय में बिटकॉइन 24000 डॉलर के स्तर को छू सकता है। बाजार के



बड़े निवेशक यह मानकर चल रहे हैं कि यूएस फेड महंगाई पर काबू पाने में सफल होगा, इस कारण क्रिप्टोबाजार में खरीदारों का सेंटिमेंट बदलता दिख रहा है। सोमवार को जहां ज्यादातर क्रिप्टो बाजार में हल्की कमजोरी देखने को मिली वहीं, यूनिस्वैप में तीन फीसदी की तेजी देखने को मिली। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी इथेरियम में भी पिछले 24 घंटों के दौरान दो फीसदी तक की गिरावट देखने को मिली। इथेरियम में इस गिरावट के पहले बीते दस दिनों के दौरान 50त्न की तेजी देखने को मिली थी। फिलहाल यह 1536 डॉलर पर कारोबार कर रहा है। आपको बता दें कि इथेरियम में इस साल अब तक 58त्न प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की जा चुकी है।

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)